

आज संविधान दिवस

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP




RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, मंगलवार, 26 नवंबर 2024 | अंक 44 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-







## खबरें! एक नजर में!!

### आदित्य ठाकरे को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आने के विपक्षी महा विकास आघाड़ी में निराशा छाई हुई है। इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) ने बड़ा फैसला लिया है।आदित्य ठाकरे को शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल का नेता चुना गया है। मुंबई में विधायकों की बैठक के बाद पार्टी नेता अंबादास दानवे ने यह जानकारी दी है। सोमवार को उद्धव गुट के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई गई थी।

### हेमंत सोरेन 28 नवंबर को लेंगे शपथ

**रांची।** झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन का शपथ ग्रहण समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को आयोजित होगा। समारोह में सीएम के साथ कुछ अन्य मंत्री भी शपथ ले सकते हैं। सोरेन को रविवार को इंडिया ब्लॉक के विधायकों ने औपचारिक तौर पर अपना नेता चुना था। इसके बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के समक्ष उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था।

### नाव से पांच टन ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने अंडमान जलक्षेत्र में एक मछली पकड़ने वाली नाव से लगभग पांच टन ड्रग्स की एक बड़ी खेप पकड़ी है। ये कार्रवाई तटरक्षक बल की बड़ी सफलता साबित हुयी है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, यह भारतीय तटरक्षक बल की ओर से पकड़ी गई अब तक की सबसे बड़ी ड्रग खेप हो सकती है। भारतीय तटरक्षक बलसमुंदर में होने वाली तेज़ गतिविधयों पर नजर रखे हुआ है।

### नगर निगम के डिपो में आग, 6 बसें जलीं

**मुंबई।** मुंबई के नालासोपारा पूर्व के सनशाइन इलाके में नगर निगम के डिपो में आग लगने से हड़कंप मच गया था। इस आग में नगर निगम की छह गाड़ियां जल गई थीं। गौरतलब है कि इसी जगह पर डेढ़ साल पहले भी बसों में आग लगने की खबर आई थीं, जहां बड़ी संख्या में बसें जल गई थीं थी। जानकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया है।

### बोलेरो-बस की टक्कर में 5 की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के मल्लावां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोराई चौराहे पर सुबह तड़के करीब 3 बजे बोलेरो और एक निजी बस की जोरदार टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मरने वालों में 4 महिलाएं 1 पुरुष शामिल है। गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को लखनऊ रेफर किया गया है।

### दवा कंपनी में लगी भीषण आग

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक दवा निर्माण इकाई में रविवार रात को आग लग गई। इस आग में एक 38 वर्षीय श्रमिक घायल हो गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि आनंद नगर क्षेत्र में एक दवा बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई है।

# फडणवीस के सीएम बनने का रास्ता साफ

## हाईकमान से मंजूरी | एकनाथ शिंदे और अजित पवार बनेंगे उपमुख्यमंत्री

**मुंबई।**

भाजपा के नेता देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होंगे। इसके अलावा अब तक मुख्यमंत्री रहे एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम होंगे और पहले की तरह ही अजित पवार भी उपमुख्यमंत्री बने रहेंगे। भाजपा सूत्रों का कहना है कि सोमवार को भाजपा के हाईकमान ने फडणवीस के नाम पर मुहर लगा दी है। भाजपा के शीर्ष सूत्रों का कहना है कि इस पर एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी ने भी सहमति जता दी है। भाजपा के एक नेता ने कहा कि टॉप लीडरशिप ने फडणवीस के नाम पर मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव एनसीपी और शिवसेना को भेजा गया है, जिस पर उन्होंने सहमति जता दी है।

एकनाथ शिंदे को लेकर खबर है कि वह भाजपा हाईकमान से बातचीत के बाद राजी हो गए हैं। उन्हें भरोसा दिया गया है कि वह डिप्टी सीएम होंगे और 12 अन्य मंत्रालय भी उनकी पार्टी के नेताओं को दिए जाएंगे। इसके अलावा एनसीपी को भी 10 मंत्री दिए जा सकते हैं।




### महायुति में कैबिनेट की योजना

महायुति में कैबिनेट की योजना दावा किया जा रहा है कि गठबंधन की योजना मंत्रियों को शामिल करने के लिए 21-12-10 के फॉर्मूले को लागू करने की है। जिसमें कुल 43 मंत्रियों में से भाजपा को 21, शिवसेना को 12 और एनसीपी को 10 मंत्री पद मिलेंगे।

### 29 को महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण संभव

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होने के बाद अब खबर मिल रही है कि 29 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह की उम्मीद है। इसी के साथ बीजेपी के कोटे से 25 विधायक शपथ ले सकते हैं, जबकि शिवसेना शिंदे और अजीत पवार की एनसीपी दोनों गुट के 5-7, 5-7 विधायक शपथ लेंगे।

महाराष्ट्र में मंत्री परिषद के सदस्यों की अधिकतम संख्या 43 हो सकती है। इसमें मुख्यमंत्री भी शामिल है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 132 सीटें जीतने वाली भाजपा खुद 21 मंत्री बना सकती है। गठबंधन धर्म का पालन करने और सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने का संदेश देने के लिए भाजपा एनसीपी और शिवसेना दोनों को साथ ही रखना चाहती है।

सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, शहरी विकास एवं राजस्व मंत्रालय गठबंधन के साथियों को दिए जा सकते हैं। हालांकि भाजपा अब भी इस बात पर जोर दे रही है कि होम और फाइनेंस मिनिस्ट्री उसके पास ही रहे। अब भी भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर मंथन चल रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा नेतृत्व ने सहयोगी दलों से कहा है कि आप लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। इसके साथ ही पार्टी अपने हितों से भी समझौता नहीं करेगी।

### कांग्रेस के बागी नेता शिवसेना में शामिल

महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उन्हें चुनौती देने वाले कांग्रेस के एक बागी नेता शिवसेना में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र के कोपरी-पचपाखड़ी सीट से अपना नामांकन वापस लेने से इनकार करने के बाद कांग्रेस से निलंबित किए गए मनोज शिंदे रविवार को शिवसेना में शामिल हो गए। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को लेकर असंतोष जाहिर किया।

# पीएम मोदी की अपील बेअसर

## > शीतसत्र के पहले ही दिन संसद में जोरदार हंगामा, दोनों सदन स्थगित

**नई दिल्ली।**

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ही सदनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। बुधवार को 11 बजे फिर से दोनों सदनों का कार्यवाही होगी। लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोबारा शुरू होने के एक मिनट के अंदर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल समेत कोई विधायी कामकाज नहीं हुआ। वहीं राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही गौतम अडानी ग्रुप पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग करने लगे। इसके बाद जोरदार हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

निचले सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वर्तमान लोकसभा के सदस्य रहे वसंत राव चव्हाण और नूरुल इस्लाम तथा पूर्व सदस्यों एम एम लॉरेंस, एम पार्वती एवं हरीश चंद्र देवराव चव्हाण के निधन के बारे में सदन को सूचित किया। सभा ने कुछ क्षण मौन रखकर दिवंगत सांसदों और पूर्व सदस्यों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्य एक उद्योगपति से जुड़े मामले और उत्तर प्रदेश के संभल में रविवार को हुई हिंसा के मुद्दे को उठाने का प्रयास करते सुने गए और हंगामे के बीच बिरला ने करीब 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बैठक शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब सदन में पहुंचे तो केंद्रीय मंत्रियों समेत सत्तापक्ष के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और उन्होंने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। दोपहर 12 बजे सदन की बैठक पुन: शुरू होते ही समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव और कुछ अन्य पार्टी सदस्य संभल हिंसा का मुद्दा उठाने का प्रयास करते देखे गए। इस दौरान विपक्ष की अग्रिम पंक्ति में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी खड़े थे।



### राज्यसभा में क्या हुआ

सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि नियम 267 के तहत उन्हें कुल 13 नोटिस मिले हैं। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास, कांग्रेस के नीरज डांगी, प्रमोद तिवारी और अखिलेश प्रसाद सिंह और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह सहित कुछ अन्य सदस्यों ने अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों के रिश्वतखोरी के आरोपों पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर नोटिस दिए थे। आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा सहित विपक्ष के कुछ अन्य सदस्यों ने मणिपुर हिंसा और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के मुद्दे पर नोटिस दिए थे। सदन की बैठक दोबारा आरंभ होने पर सभापति ने सदस्यों से सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। कुछ देर बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

# वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ टीएमसी

## > ममता बनर्जी की टीएमसी 30 को व्यापक स्तर पर करेगी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ ममता बनर्जी की कांग्रेस कोलकाता में 30 नवंबर को व्यापक स्तर पर प्रदर्शन करेगी। इस दौरान 2 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में सांसद कल्याण बनर्जी मुख्य वक्ता होंगे। इसके साथ ही ममता सरकार ने वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ प्रस्ताव पेश करने की भी तैयारी कर ली है।


वक्फ संसोधन बिल कुछ महीने पहले संसद में पेश किया गया था। हालांकि, भारी विरोध के बाद इसे संसदीय समिति के पास भेज दिया गया। संसदीय समिति का कार्यकाल शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ा दिया गया है। अब संसदीय समिति की रिपोर्ट के बाद इसमें जरूरी बदलाव किए जाएंगे और इसे दोबारा पेश किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस शुरुआत से ही इस बिल का विरोध करती आ रही है और अब पार्टी ने व्यापक स्तर पर इस कानून का विरोध करने का मन बना लिया है।

पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के खिलाफ राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा। हालांकि, तारीख अभी तय नहीं हुई है। चटर्जी ने दावा किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक विभाजनकारी है और इससे अल्पसंख्यकों को हाशिए पर धकेला जा सकता है तथा उनके अधिकारों का हनन हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पेश किए जाने की तारीख अभी तय नहीं हुई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने वक्फ (संशोधन) विधेयक का बार-बार विरोध किया है।



### शीतकालीन सत्र में पेश होगा वक्फ संसोधन बिल

केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने सोमवार से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र में विचार के लिए वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयकों को सूचीबद्ध किया है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किया जा सके। संशोधन विधेयक का उद्देश्य भारत में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार करना है।



# विशाखापत्तनम में होगा 18वां रेलवे जोन का ऑफिस

## > रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी बड़ी अपडेट

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में जल्द ही भारतीय रेलवे का 18वां जोन का कार्यालय बनने जा रहा है। बता दें कि भारतीय रेलवे विशाखापत्तन में अपने 18वें जोन के कार्यालय का निर्माण करने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में एक पोस्ट कर इसके लिए निकाले जाने वाले टेंडर की जानकारी दी। रेल मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में उन्होंने बताया है कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर ने विशाखापत्तनम में साउथ कोस्ट रेलवे जोन स्थापित करने के लिए कार्यालय निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित कर दिया है।

दरअसल, भारतीय रेल का 18वां जोन शीघ्र ही अस्तित्व में आ जाएगा। रेलवे के इस जोन को दक्षिण तट रेलवे जोन कहा जाएगा। भारतीय रेलवे के 18वें जोन का मुख्यालय विशाखापत्तनम में होगा। रेलवे के इस नए जोन की ऑफिस बिल्डिंग के निर्माण वाली निविदा की बोली 13 दिसंबर 2024 को शुरू होगी। वहीं 27 दिसंबर 2024 को टेंडर बंद होगा। वहीं इस काम को पूरा करने के लिए 24 महीने यानि दो साल का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि इसकी घोषणा तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने 2019 में ही कर दी थी। साउथ कोस्ट रेलवे जोन के निर्माण से इस पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और यहां के लोगों को काफी सहूलियत होगी। वहीं पीएम मोदी ने करीब दो साल पहले विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन की महत्वाकांक्षी पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखी थी। रेल भूमि विकास प्राधिकरण की 446 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि विशाखापत्तनम को जल्द ही नये दक्षिण तटीय रेलवे जोन का मुख्यालय बनने वाला है।

# देश में बढ़ रही है बाघों की संख्या



**नई दिल्ली।** देश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर बाघों की संख्या के आकलन के अनुसार देश में 3682 बाघ मौजूद है, जबकि वर्ष 2018 में बाघों की संख्या 2967 और वर्ष 2014 में 2226 थी. देश में बाघों की संख्या 6 फीसदी के दर से बढ़ रही है। केंद्र सरकार ने नेशनल टाइगर कंर्जवेशन अथॉरिटी के लिए बाघ और इंसानों के बीच झड़प को रोकने के लिए तीन सूत्रीय एजेंडे को अपनाया। बाघों को अपने इलाके में सीमित रखने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना प्रोजेक्ट टाइगर के तहत टाइगर रिजर्व में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और अन्य संसाधन मुहैया कराया गया। इसके अलावा आम लोगों को बाघों के महत्व को लेकर जागरूक करने का काम किया गया। इसके अलावा वन कर्मियों को भी मानव-जानवर के बीच झड़प को रोकने के लिए ट्रेनिंग मुहैया करायी गयी।

# मस्क ने की भारतीय वोटिंग सिस्टम की तारीफ

## > अमेरिकी चुनाव सिस्टम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** अमेरिका के अरबपति उद्योगपति और आगामी ट्रंप प्रशासन में अहम भूमिका निभाने जा रहे एलन मस्क ने भारत में चुनावों पर टिप्पणी की है। एलन मस्क ने तेजी से चुनाव कराने के लिए भारत की तारीफ की और साथ ही अमेरिका के चुनावी सिस्टम पर तंज भी कसा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क ने लिखा कि 'भारत ने एक दिन में 64 करोड़ वोट गिन डाले जबकि कैलिफोर्निया में अभी भी वोटों की गिनती जारी है।' एलन मस्क की टिप्पणी एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में आई, जिसमें एक न्यूज आर्टिकल की हेडलाइन साझा की गई थी। इसका शीर्षक था- 'भारत ने एक दिन में 64 करोड़ वोट कैसे गिने।' लेख के स्क्रीनशॉट के साथ कैप्शन में यह भी लिखा गया, 'इस बीच भारत में जहां, धोखाधड़ी उनके चुनावों का प्राथमिक लक्ष्य नहीं है।' उन्होंने अपनी टिप्पणी में कैलिफोर्निया में चुनाव परिणामों में देरी पर सीधा हमला बोला। मस्क ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया में भारत में तेजी से आते चुनाव परिणामों और 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए सुस्त मतगणना प्रक्रिया के बीच अंतर पर जोर दिया। मस्क ने एक अन्य टिप्पणी में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने अब आधिकारिक तौर पर अपने मंत्रिमंडल में प्रत्येक विभाग के लिए किसी को नामित कर दिया है.

# संविधान की प्रस्तावना से नहीं हटेंगे 'समाजवादी' और 'पंथ निरपेक्ष'

## >सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर सारी याचिकाएं

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान दिवस से पहले बड़ा फैसला सुनाते हुए संविधान की प्रस्तावना में शामिल 'समाजावादी' और 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को थोक में खारिज कर दिया। 1976 में संविधान में 42वें संशोधन के बाद इन दोनों शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किया गया था। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार ने कहा कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने का अधिकार है। हालांकि किसी संशोधन से संविधान के मूल तत्व में बदलाव नहीं होना चाहिए।



कोर्ट ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के जैसी प्रस्तावना करने के लिए ही इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाया नहीं जा सकता। सही बात यह है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान देश के लोगों को सौंप दिया गया था। लेकिन संविधान को स्वीकार करने की तारीख आर्टिकल 368 के तहत दिए गए अधिकार को खत्म नहीं कर सकती। बीजेपी के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता बलराम सिंह और ऐडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल करते हुए कहा था कि 42वें संशोधन के बाद संविधान बनाने वालों के मूल दृष्टिकोण को खत्म कर दिया गया।

उन्होंने कहा, 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द 1976 में संशोधन के माध्यम से जोड़े गए थे और इस तथ्य से कोई फर्क नहीं पड़ता कि संविधान को 1949 में अपनाया गया था. यदि पहले के मामलों में प्रभावी होने वाली इन दलीलों को स्वीकार कर लिया गया तो वे सभी संशोधनों पर लागू होंगी।'

स्वामी ने अपनी याचिका में कहा था कि संविधान जिस तारीख को अपनाया गया था, उस समय जो प्रस्तावना थी उसे बदल दिया गया। वहीं ऐड.अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि उन्हें समाजवादी और पंथ निरपेक्ष शब्द से ऐतराज नहीं है बल्कि जिस अवैध तरीके से इसे शामिल किया गया था, उसपर ऐतराज है।

### पहले भी कई बार हो चुकी है न्यायिक समीक्षा

इससे पहले, पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि संबंधित संशोधन (42वां संशोधन) की इस अदालत द्वारा कई बार न्यायिक समीक्षा की गई है। संसद ने हस्तक्षेप किया है। बेंच के अनुसार, यह नहीं कहा जा सकता कि उस समय (आपातकाल में) संसद ने जो कुछ भी किया वह सब निरर्थक था।

# समंदर में वैज्ञानिकों की बड़ी तैयारी

## > गगनयान की जल्द हो सकती है लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान अगले साल मार्च में लॉन्च हो सकता है। यह एक मानवरहित मिशन होगा। इसके लिए इसरो प्रशांत महासागर में वैज्ञानिकों की टीम भेजने की तैयारी कर ली है। मिशन पर नजर रखने के लिए प्रशांत महासागर और उत्तर अटलांटिक महासागर में ऑब्जरवेशन पॉइंट पर वैज्ञानिक पहुंचेंगे। अगर यह मिशन कामयाब होता है तो भारत 2026 तक मानवयुक्त गगनयान को भी अंतरिक्ष में भेज सकता है।

गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों की पहले से ही ट्रेनिंग चल रही है। इसरो का पहला प्लान तीन दिनों के मिशन का है। इस मिशन के तहत धरती से 400 किलोमीटर दूर की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें समंदर में लैंड करवाया जाएगा। इसरो और भारत सरकार 1 मार्च 2025 से 31 अगस्त 2025 के बीच के मिशन का प्लान बनाया है। इसे श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले दो शिप से वैज्ञानिकों को रवाना किया जाएगा। एक शिप में आठ वैज्ञानिक जाएंगे। इन्हें अपनी लोकेशन तक पहुंचने में दो सप्ताह का समय लग जाएगा। इन शिप से इसरो कम्युनिकेशन सर्किट तैयार करेगा।



दस्तावेजों के मुताबिक 1 मार्च 2025 से 31 अगस्त 2025 के बीच ही मिशन लॉन्च होना है। उत्तरी अटलांटिक महासागर में न्यू यॉर्क के पोर्ट से शिप भेजा जाएगा। इसे न्यूयॉर्क से अपनी पोजीशन तक पहुंचने में 3 हजार किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। इसमें कम से कम 14 दिन लगा जाएंगे। इसरो के वैज्ञानिक न्यूयॉर्क से ही शिप में सवार होंगे।

CMYK

# बढ़ सकता है ऑटो का भी किराया

## > सीएनजी हुई महंगी



### बढ़त करके लागत की भरपाई की जा सकेगी

एमजीएल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, "घरेलू गैस की कमी को पूरा करने के लिए एमजीएल एडीनशनल मार्केट प्राइस पर नेचुरल गैस खरीद रहा है और गैस पर लागत का बोझ बढ़ गया है. सीएनजी कीमत में यह बढ़त करके लागत की भरपाई की जा सकेगी.

सरकार के इस हाइक कैलकुलेशन फॉर्मूले के अनुसार, इस क्षेत्र में ऑटो का किराया एक किलोमीटर के लिए 2.50 रुपये बढ़ना चाहिए.

**नई दिल्ली.**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजों की सरगर्मी के बाद अब लोगों की जेब से जुड़ी खबर आई है. महानगर गैस लिमिटेड ने सीएनजी के प्राइस को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है. एमजीएल ने सीएनजी पर 2 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से प्राइस को बढ़ाया है. यानी अब से आपको सीएनजी की कीमत दो रुपये बढ़ी हुई मिलेगी. हालांकि एमजीएल पाइप कुकिंग गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है.

अब पंप पर आपको नई कीमत के साथ सीएनजी उपलब्ध होगी. इस हाइक के पहले 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 75 रुपये की पड़ती थी. वहीं अब इस बढ़त के बाद आपको 1 किलो सीएनजी के लिए 2 रुपये ज्यादा यानी 77 रुपये देना होगा. वहीं पाइपलाइन गैस पहले के प्राइस यानी 48 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से देना होगा.

इसकी जानकारी एमजीएल की ओर से दी गई है.

पूरे मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन में एक बड़ी संख्या ऑटो, टैक्सी और बस जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल डेली फ्यूल के लिए सीएनजी का इस्तेमाल करते हैं. सूत्रों का कहना है कि सीएनजी रेट में इस बढ़त के बाद ऑटो यूनियन भी किराए में दो रुपये बढ़ाने की मांग करेंगे. मुंबई रिक्शा मेंस यूनियन लीडर थम्पी कुरीन ने कहा, "हमने पहले सरकार के लीविंग इंडेक्स के लिए जरूरी फ्यूल, मेंटनेंस और अन्य की लागत पर आधारित पैमाने के बारे में सोच-विचार किया है. सीएनजी कीमत में इस बढ़त के बाद हम मेट्रोपॉलिटन रीजन में ऑटो-रिक्शा के किराए को कम से कम दो रुपये बढ़ाने की मांग तो कर ही सकते हैं.

# मस्क नहीं बनेंगे अंबानी और मित्तल के लिए खतरा

**नई दिल्ली.**

एलन मस्क की स्वामित्व वाली कंपनी स्टारलिंक भारत में आने वाली है. ऐसा माना जा रहा था कि स्टारलिंक के भारत आने से भारतीय टेलीकॉम कंपनियां जैसे जियो और भारती एयरटेल के लिए मुसीबत बन सकती है. मगर इस पर एक्सपर्ट ने बताया है कि मस्क की स्टारलिंक, मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल के लिए खतरा नहीं बनेगी, क्योंकि स्टारलिंक की ग्लोबल सैटेलाइट ब्रॉडबैंड टैरिफ भारतीय कंपनियों के मुकाबले 4 गुना अधिक है. भारतीय कंपनियां



जैसे एयरटेल और जियो का मंथली ब्रॉडबैंड प्राइस 10 से 13 डॉलर यानी करीब 800 से 950 रुपये तक है.

वहीं, स्टारलिंक के ब्रॉडबैंड का प्राइस 40 से 50 डॉलर है. जोकि जियो और एयरटेल के ऑफर से 4 गुना अधिक है. इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि स्टारलिंक भारत में जियो और एयरटेल के लिए शुरू में उतना खतरा नहीं होगी. स्टारलिंक की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस को भारत में सेटल होने में समय लगेगा. जबकि, एयरटेल और जियो कंपनियां पहले से ही मार्केट पर पैठ बना चुकी हैं. लोग भी उनकी सर्विसेज का इस्तेमाल करने में सहज हो गए हैं. हालांकि, स्टारलिंक की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस और जियो एयरटेल की फिक्स्ड ब्रॉडबैंड सर्विस में अंतर होगा, फिर भी भारतीय बाजार में स्टारलिंक के लिए अपनी जगह पक्की करना आसान रहेगा.


देश के सबसे बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी ने एलन मस्क के स्टारलिंक सैटेलाइट स्पैक्ट्रम को नीलामी के जरिए देने की मांग की थी.

# सस्ते किराए में हवाई सफर कर सकेंगे छात्र

नई दिल्ली. अब स्टूडेंट्स भी किफायती प्राइस में हवाई यात्रा कर सकेंगे. भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने स्टूडेंट्स के लिए एक विशेष पहल शुरू की है. एयरलाइन की 'स्टूडेंट स्पेशल' प्रोग्राम के तहत स्टूडेंट्स के लिए हवाई यात्रा को अधिक किफायती और आसान बनाया गया है. अधिक किफायती एयर सर्विस का लाभ लेने के लिए छात्रों को इंडिगो वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए बुकिंग करना होगा. फिलहाल यह केवल इंडिगो वेबसाइट और ऐप पर ही उपलब्ध है.

इंडिगो के इस प्रोग्राम को स्टूडेंट की पर्सनल जरूरतों को पूरा करने के लिए है. इसमें खर्च, फ्लैक्सिबिलिटी और कंफर्ट पर खास ध्यान दिया गया है.

# इस प्रमाणपत्र ने बदल दिया पेंशन का सिस्टम



**नई दिल्ली.**

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करने की पहल से काफी सुधार हुआ है. डीएलसी के आने से पेंशन की पूरी प्रक्रिया बदल गई है. अब डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के होने से पेंशनभोगियों को बड़ी राहत मिली है. पंजाब नेशनल बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बैंक ने पेंशनभोगियों के लिए टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए इस महीने विशेष अभियान शुरू किया. इसके तहत पहले 20 दिन में 2.15 लाख डीएलसी की प्रोसेसिंग का काम पूरा किया गया है. पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक संजय वार्ष्णेय ने कहा कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) की शुरुआत ने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को बदल दिया है.


उन्होंने कहा कि डीएलसी से बहुत बड़ा बदलाव हुआ है, क्योंकि यह प्रोसेसिंग से संबंधित देरी को कम करने के अलावा उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव देता है. इससे यह भी तय होता है कि पेंशनभोगी अपनी स्वतंत्रता बनाए रख सकें और लॉजिस्टिक सहायता के लिए दूसरों पर निर्भरता से बच सकें. उन्होंने कहा कि दिल्ली, गुरुग्राम, चंडीगढ़, शिमला, लुधियाना और जम्मू सहित अन्य स्थानों पर बड़े शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां बैंक के सबसे अधिक पेंशनभोगी हैं. उन्होंने कहा कि पेंशनभोगियों के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डोरस्टेप बैंकिंग भी 31 दिसंबर, 2024 तक निःशुल्क है.

पेंशनभोगियों को अपनी पेंशन जारी रखने के लिए सालाना जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है. पहले ये जीवन प्रमाण पत्र केवल फिजिकल रूप में ही जमा किए जाते थे,

# एक से शुरू हो रहा आईआईटी प्लेसमेंट सेशन

**नई दिल्ली.**

इस साल आईआईटी बॉम्बे का प्लेसमेंट सेशन एक दिसंबर से शुरू हो रहा है. सेशन में इस बार कई जरूरी बदलाव देखने को मिलेंगे हालांकि पिछले साल की तरह इस बार भी आईटी सेक्टर की कंपनियां यहां के छात्रों में अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जिससे इस सेक्टर में कम हायरिंग का अनुमान लगाया जा रहा है. इंडियन इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी ऑफ बॉम्बे ने अपने आगामी प्लेसमेंट सेशन के लिए कंपनियों से कहा है कि छात्रों को कम से कम छह लाख रुपये का पैकेज ऑफर करें. आईआईटी बॉम्बे ने पिछले प्लेसमेंट सत्र में 4 लाख रुपये के मिनिमम ऑफर के बाद यह फैसला लिया है. पिछले साल, सात कंपनियों ने 10 छात्रों को 4 लाख



रुपये से 6 लाख रुपये के बीच के पैकेज ऑफर किए थे.

इस साल आईआईटी बॉम्बे का प्लेसमेंट सेशन 1 दिसंबर से शुरू हो रहा है. इस नये सेशन एक जरूरी बदलाव देखने को मिलेगा. इस बार कोर सेक्टर की कंपनियों की अधिक भागीदारी देखी जा रही है, जबकि आईटी फर्मों का कम इंटरेस्ट देखने को मिल रहा है. बॉम्बे के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 रिकवरी साल 2021 और 2022 के दौरान आईटी फर्मों की डिमांड बढ़ी थी हालांकि पिछले साल हायरिंग संख्या बहुत कम रही. छात्रों की बदलती जरूरतों के लिहाज से बॉम्बे ने उनके फीडबैक और उद्योग के रुझानों के आधार पर अधिक लक्षित चयन किया है. इस साल इंस्टीट्यूट ने नए स्टार्टअप्स और पीएसयू को भी इनवाइट किया है. आईटी सेक्टर में हायरिंग की मांग कमी के बावजूद प्लेसमेंट टीम को इंटरनेशनल हायरिंग की उम्मीद है.

जानकारी के मुताबिक, प्लेसमेंट सेशन में इस बार जापानी कंपनियां भी शामिल होंगी और इंस्टीट्यूट को फॉरेन ऑफर्स में बढ़त की भी उम्मीद है. इसके अलावा स्टार्टअप्स पर भी ध्यान दिया जा रहा है, खासकर वे जो तीन से चार सालों से काम कर रहे हैं. प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) पाने वाले छात्रों को भी रेगुलर प्लेसमेंट में हिस्सा लेने की परमिशन दी जाएगी.

# 10 सालों में बदली भारत की इकोनॉमी

नई दिल्ली. तरक्की की पटरी पर भारत की स्पीड कैसी है. इसे मापने के कई पैमाने हैं. आप चाहें तो भारतीय शेयर बाजार की ग्रोथ को देख सकते हैं या फिर देश की जीडीपी के आकार को. लेकिन जब आपकी नजर देश में आजादी के बाद से हुए निवेश पर जाएगी तब आपको हैरानी होगी कि भारत ने कैसे 14 ट्रिलियन डॉलर का इंवेस्टमेंट हासिल किया है. इसमें आपको एक दिचलस्प आंकड़ा नजर आएगा, जिससे यह मालूम चलता है कि इसमें 14 लाख करोड़ में से 8 लाख करोड़ का निवेश सिर्फ पिछले 10 सालों में आया है. चलिए एक नजर उस रिपोर्ट पर डालते हैं, जिसमें इसकी जानकारी सामने आई है.

मोतीलाल ओसवाल की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निवेश-से-जीडीपी अनुपात में एक महत्वपूर्ण मोड़ का भी पता चलता है, जो 2011 से स्थिर बना हुआ था. अब कोविड के बाद सुधार प्रयासों और बढ़े हुए सरकारी खर्च के कारण ठीक हो रहा है. निवेश में तेजी आ रही है.

# भिलाई ने जीता टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ फाइनल



**बेंगलुरु.**

आईटी सेवा, परामर्श और व्यावसायिक समाधान के लिहाज़ से वैश्विक स्तर पर अग्रणी समूह, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (बीएसई: 532540, एनएसई: टीसीएस) ने कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के 25वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। क्विज़ का यह राष्ट्रीय फाइनल, 21 नवंबर, 2024 को बेंगलुरु टेक समिट के अंग के रूप में आयोजित किया गया था।

छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तनिश कुमार साहू (14 वर्ष) राष्ट्रीय फाइनल चैंपियन के रूप में उभरे, जबकि राजस्थान के सूरतगढ़ में स्थित स्वामी विवेकानंद सरकारी मॉडल स्कूल के एकलव्य (14 वर्ष) ने इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। टीसीएस ने दोनों छात्रों को क्रमशः 100,000 रुपये और 50,000 रुपये की शैक्षिक छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। गुजरात के आणंद में स्थित आनंदालय स्कूल के स्मरण सुथार और महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सेंट जॉन्स हाई स्कूल के शिवम एम ठाकरे संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। सभी फाइनलिस्ट को टीसीएस की ओर से 10,000 रुपये की छात्रवृत्ति भी मिली। इस साल यह क्विज़ अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है और इसमें भारत के छोटे शहरों से 5.6 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

# जंगल कैंप ने 30 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा

**मुंबई.**

भारत में इकोलॉजिकल हॉस्पिटैलिटी का बेमिसाल अनुभव प्रदान करने वाले समूहों में से एक, जंगल कैंप्स इंडिया लिमिटेड ने घोषणा की कि, उसे अपने आईपीओ के लिए बीएसई एसएमई एक्सचेंज से 19 नवंबर, 2024 को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी की ओर से जुलाई 2024 में बीएसई एसएमई के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल किया गया था। फिलहाल कंपनी नवीनतम जानकारी के साथ आरएचपी दाखिल करने की प्रक्रिया में है और उम्मीद है कि कंपनी जल्द ही इस प्लेटफ़ॉर्म पर सूचीबद्ध हो जाएगी।

इस कंपनी का मुख्यालय दिल्ली में



स्थित है, जिसने इस प्रस्ताव के ज़रिये लगभग 30 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है, जिसके अंतर्गत बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले 40,86,400 नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। खम्बाट्टा सिक्योरिटीज लिमिटेड इस प्रस्ताव के लिए इकलौते बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को इस प्रस्ताव का रजिस्ट्रार बनाया गया है।


जेसीआईएल पर्यावरण के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने वाली हॉस्पिटैलिटी कंपनी है। कंपनी की प्रॉपर्टी मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व, कान्हा टाइगर रिजर्व एवं पेंच टाइगर रिजर्व के रुखड़ बफर जोन के साथ-साथ महाराष्ट्र में ताडोबा टाइगर रिजर्व में स्थित हैं, जिन्हें पुरस्कार भी मिल चुके हैं। मध्य भारत के शांत एवं घने जंगलों में स्थित ऐसी शानदार प्रॉपर्टी में सैर-सपाटा पसंद करने वाले लोगों को वन्यजीवों के बीच मेहमाननवाज़ी का बेमिसाल अनुभव प्रदान किया जाता है। फिलहाल इस कंपनी तथा इसकी सहायक कंपनियों के पास कुल 87 कमरों की आवासीय सुविधाओं का स्वामित्व है जिनका वह प्रबंधन करती है, जिनमें विला, कॉटेज, डीलक्स रूम, सफारी टेंट सहित कई तरह की बुनियादी सुविधाएँ शामिल हैं।

# खातों के लिए देने होंगे 4 नॉमिनी के नाम

**नई दिल्ली.** बैंकों में खाता रखने वाले अकाउंट होल्डर्स के लिए बड़ी खबर है. संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो चुका है और पहले ही दिन अडानी रिश्वत विवाद को लेकर संसद में हंगामा होने के बाद इसे 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है. इसी सत्र में सरकार की देश में बैंकिंग सेक्टर में कई बदलावों को लाने के लिए बैंकिंग अमेंडमेंट बिल को पास कराने की कोशिश होगी. अब जल्द ही बैंक में खाताधारकों के लिए अपने खाते के नॉमिनी को लेकर नए नियम आने वाले हैं. ऐसा संसद में बैंकिंग अमेंडमेंट बिल के पास होने के बाद होगा. सरकार की संसद में बैंकिंग अमेंडमेंट बिल को पास कराने की कोशिश होगी जो इस समय फिलहाल लोकसभा में लंबित है. इससे पहले अगस्त 2024 में केंद्रीय कैबिनेट ने बैंकिंग विधेयक पास किया था. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैंकिंग अमेंडमेंट बिल को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पास कराने की कोशिश करेंगी.

इसमें प्रमुख रूप से जो बदलाव होने हैं वो बैंक खातों के लिए भी अहम हैं.

बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 के तहत बैंक अकाउंट के लिए नॉमिनी की संख्या बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव आएगा. संसद में लोकसभा के पटल पर जब बैंकिंग अमेंडमेंट बिल पास किया जाएगा तो इसके बाद सभी के लिए अपने बैंक अकाउंट में 4 नॉमिनेशन करना अनिवार्य हो जाएगा. इस बिल के तहत हर बैंक अकाउंट पर नॉमिनी की लिमिट को बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव है जो कि अभी एक है. या तो बैंक अकाउंट होल्डर को नॉमिनी के प्रायोरिटी के आधार पर उन्हें क्रमवार तय करना होगा या फिर वो प्रत्येक नॉमिनी के हिस्से को बैंकिंग नियमों के मुताबिक तय कर सकते हैं. अगर खाताधारक नॉमिनी का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे नॉमिनी का नाम निर्धारित करना होगा. खाताधारक की मौत के बाद उसके चारों नॉमिनी में से क्रमवार तरीके से खाते का अधिकार उनको मिलेगा. पहले, दूसरे या तीसरे नॉमिनी के बाद जो अगला जीवित नॉमिनी होगा, उसको खाते का हक मिलेगा.




# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक फंड

**मुंबई.**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड / कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स् कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर 2024 को खुल रही है, जबकि 09 दिसंबर 2024 को बंद होगी।कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन), लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक् योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन् ग टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है। इस थीम में ट्रांसपोर्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सर्विसेज और कुशल व सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन के लिए इनोवेटिव समाधानों में शामिल बिजनेस के साथ-साथ इन सेक्टर का समर्थन करने वाली वित्तीय कंपनियों से जुड़े बिजनेस भी शामिल हैं।

# बदल रहा है भारत का लॉजिस्टिक्स परिदृश्य



**बेंगलुरु.**

भारत की अग्रणी 4 पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन की मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं।प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट माइल नेटवर्क 98% भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बड़े से ताकत मिलती है। इन क्षमताओं से भारत में ईकॉमर्स ब्रांडों के लिए ऑर्डर के अगले दिन डिलीवरी में 30% की वृद्धि हुई है और क्षेत्रीय कवरेज में 40% का विस्तार हुआ है। हाल के त्योहारी सीजन में स्नैपडील, रोपोसो, लिबास, नापतोल, ससाफ्रास और होमसेंटर जैसे कई बड़े ब्रांड एवं व्यवसायों के लिए ईकार्ट ने एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स पार्टनर की भूमिका निभाई, जिससे उन्हें पीक डिमांड सीजन में भी खरीदारों को खुश करने में मदद मिली। पिछले कुछ वर्षों में ईकार्ट के मोनेटाइजेशन के प्रयासों से इसके ग्राहक आधार में 10 गुना (खुदरा एवं डी2 सी ब्रांड) का विस्तार हुआ है, जबकि यह उद्योग सालाना आधार पर लगभग 5-10% की दर से बढ़ रहा है।ईकार्ट ने हाल ही में ईकॉमर्स से आगे अपनी सेवाओं को विस्तार दिया है। कंपनी ने बैंकों और गैर-बैंकिंग संस्थानों जैसे वित्तीय संस्थानों के लिए डॉक्यूमेंट डिलीवरी सॉल्यूशंस की पेशकश की है। सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड दोनों तरह के दस्तावेजों को संभालने की इस क्षमता से न केवल ईकार्ट की सेवाओं में विविधता आई है, बल्कि विभिन सेक्टर में भरोसेमंद तरीके से दस्तावेजों की आवाजाही सुनिश्चित करके इसने ज्यादा इंटीग्रेटेड और रेजिलिएंट लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में भी योगदान दिया है।

# लौट रही बाजार में तेजी

**नई दिल्ली.**

लगातार दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है. इससे पहले मार्केट में रोज बिकवाली देखी जा रही थी. सबसे अच्छी बात ये है कि पिछले दो ट्रेडिंग सेशन में बाजार में आई इस रैली ने 3 फीसदी की रिकवरी करा दी है. आज बाजार में तेजी आएगी, इसका अंदाजा शनिवार को महाराष्ट्र चुनाव के रिजल्ट सामने आने के बाद से ही लग गया था. लेकिन इस हिसाब से तेजी आएगी, इसका अंदाजा किसी को नहीं था. सेंसेक्स ने एक बार फिर से 80 हजार के जादूई आंकड़े को टच कर दिया है. इससे निवेशकों ने एक दिन में 8 लाख करोड़ रुपए कमाए हैं. शुक्रवार को 7 लाख करोड़ की कमाई हुई थी. दोनों को मिला दिया जाए तो बाजार ने दो दिन में 15 लाख करोड़




बनाकर दे दिए हैं. अब यहां सवाल ये खड़ा हो रहा है.

कि बाजार में जिस हिसाब से तेजी आ रही है, इसके लिए इतना पैसा कहां से आ रहा है? कौन भारतीय बाजार में इतनी खरीदारी कर रहा है? तो इसका जवाब है विदेशी निवेशक. जो विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 26,533 करोड़ रुपए निकाल चुके हैं. अब वही पैसा डाल रहे हैं. 22 नवंबर के आंकड़ों की बात करें तो स्टॉक कैटेगरी के फ्यूचर डेरिवेटिव में विदेशी निवेशकों ने 12,395 करोड़ की खरीदारी की है. वहीं अगर हम इसे इंडेक्स में देखते हैं तो आंकड़ा 3018 करोड़ नजर आता है. फ्यूचर डेरिवेटिव में विदेशी निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी यह बताती है कि बाजार में फिर से तेजी के संकेत दिखने शुरू हो चुके हैं.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123



# अगले महीने से महिलाओं को मिलेंगे 2,100

> एकनाथ शिंदे ने निभाया वादा

> 13 लाख महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना

**पुणे.**

अगले महीने दिसंबर से शुरू होने वाली मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना से कम से कम 13 लाख और महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है। उनके आवेदन, जिन्हें उनके बैंक खातों से आधार सीडिंग की आवश्यकता थी, लंबित थे और उन्हें 2.34 करोड़ लाभार्थियों में




जोड़ा जाएगा। शनिवार को महायुति सरकार की भारी जीत का श्रेय व्यापक रूप से इस योजना को दिया जा रहा है, जो महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये देती है।

सूत्रों ने कहा कि गठबंधन को न केवल लाभार्थियों को जोड़ना होगा, बल्कि भुगतान को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का अपना वादा भी निभाना होगा। हालांकि 1,500 रुपये की पिछली सब्सिडी राशि के अनुसार 35,000 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, लेकिन अगर महायुति सरकार अपना वादा निभाना चाहती है तो आवंटन बढ़ाना होगा।

मई में लोकसभा चुनाव में असफलताओं के बाद महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। इसने सत्तारूढ़ गठबंधन को समर्थकों का एक नया जनसांख्यिकीय बनाने में मदद की, जिन्होंने इसकी वापसी में योगदान दिया। सबसे ज़्यादा लाभार्थी पुणे जिले से हैं, उसके बाद नासिक,ठाणे और मुंबई का नंबर आता है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि लंबित आवेदनों का निपटारा कर दिया जाएगा और महिलाओं को दिसंबर से राशि मिलनी चाहिए। एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने कहा कि नवंबर तक 2.34 करोड़ लाभार्थियों के निपटारे किए गए आवेदनों का वितरण पूरा हो गया था। ये 13 लाख आवेदन लंबित थे और उन्हें दिसंबर की संख्या में जोड़ा जाएगा।

### आचार संहिता हटने के बाद शुरू होगा काम

महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) को लाभ वितरित करने के लिए कागजी कार्रवाई तैयार करनी होगी। डब्ल्यूसीडी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि वे सूची में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं और दिसंबर के लिए वितरण आचार संहिता हटने के बाद शुरू होगा।

## बिना लाइसेंस शराब बेचने वाले ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई

**डोंबिवली.** मानपाड़ा पुलिस ने रविवार को कल्याण शिलफाटा रोड पर पलावा के कासा रियो इलाके में जय मल्हार चीनी ढाबा पर बिना लाइसेंस के शराब बेचने वाले ढाबा चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया. उपायुक्त अतुल ज़ेंडे के आदेश पर, कल्याण सर्कल में पुलिस ने सर्कल में अवैध गतिविधियों के खिलाफ एक मजबूत अभियान शुरू किया है। इस कार्रवाई से नागरिक संतुष्टि व्यक्त कर रहे हैं। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, सहायक पुलिस निरीक्षक संपत फडोल, कांस्टेबल विजय अवध और एक गश्ती दल रविवार रात 9 बजे के बीच पलावा कासा रियो इलाके में गश्त कर रहे थे। उन्होंने देखा कि जय मल्हार चाइनीज ढाबा पर ग्राहकों को शराब परोसी जा रही है। नौ ग्राहक कुर्सियों, दचाओं पर बैठे थे और शराब के गिलास पी रहे थे।

## पिंपरी-चिंचवड़ में मंत्री पद एक, दावेदार तीन

**पिंपरी-चिंचवड़.**



पिंपरी, चिंचवड़ और भोसरी विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों की नजर मंत्री पद पर है. विधायक महेश लांडगे, विधायक शंकर जगताप और विधायक अन्ना बनसोडे मंत्री पद की दौड़ में हैं. तीनों विधानसभा क्षेत्रों से किस विधायक को मंत्री पद मिलेगा, इसे लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है. विधायक अन्ना बनसोडे ने अजित पवार से मंत्री पद की मांग की है. चिंचवड़ से शंकर जगताप मंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं। विधायक महेश लांडगे भी मंत्री पद की दौड़ में हैं और पिछली बार वह मामूली अंतर से मंत्री पद हार गये थे. इसके चलते देखना होगा कि पिंपरी-चिंचवड़ शहर में मंत्री पद किसे मिलता है।

पिंपरी, चिंचवड़ और भोसरी विधानसभा में महायुति उम्मीदवारों की जीत हुई है. इनमें से दो विधायक बीजेपी के हैं. एक विधायक राष्ट्रवादी अजित पवार गुट का है. जनता ने प्रत्याशियों को भारी मतों के अंतर से जिताया है. महाराष्ट्र में महायुति सत्ता में आ गई है. सरकार बनने से पहले ही पिंपरी-चिंचवड़ शहर में मंत्री पद के लिए खींचतान शुरू हो गई है. पिंपरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक अन्ना बनसोडे ने विश्वास जताया है कि नतीजों के दिन अजित पवार मुझे मंत्री पद देंगे। विधायक शंकर जगताप भी मंत्री पद को लेकर सकारात्मक हैं. आपको मंत्री पद मिला तो पिंपरी-चिंचवड़ शहर खुश है। जगताप ने जवाब देते हुए कहा था, 'क्या मुझे मिल सकता है या कोई और।' यह सर्वविदित है कि भोसरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक महेश लांडगे को पिछली बार मामूली अंतर से मंत्री पद गंवाना पड़ा था। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस बार भी जोर दिया.

सरकार गठन से पहले तीनों विधानसभा क्षेत्रों से विधायक बनाने के लिए लॉबिंग की जा रही है. शहर में लगे बोर्ड पर मंत्री पद का जिक्र है. हालांकि सभी उम्मीदवार एक साथ लड़कर विधानसभा में जीत हासिल कर चुके हैं, लेकिन मंत्री पद को लेकर महागठबंधन में फूट पड़ने की आशंका है. फिलहाल पिंपरी-चिंचवड़ शहर में एक मंत्री पद और तीन दावेदार हैं. तीनों विधायक अपने वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं. लेकिन, ये देखना जरूरी है कि असल में मंत्री पद किसे मिलता है. इस बात की चर्चा जोरों पर है कि जिस विधायक को मंत्री पद मिलेगा वही शहर की कमान संभालेगा. तीनों विधायक मंत्री पद के लिए दावेदारी कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि किस विधायक को मंत्री पद मिलता है.

## युवती का वीडियो बनानेवाला युवक गिरफ्तार



**मुंबई.** पुलिस ने रविवार को 34 वर्षीय एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसने बांद्रा रिक्लेमेशन इलाके में टहलने आई एक युवती का पीछा किया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इस बार आरोपियों ने पुलिस से भी मारपीट की. इस मामले में आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया गया है.

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाबर रहमत खान (34) के रूप में हुई है और वह नवी मुंबई का रहने वाला है। आरोपी प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता है. 26 वर्षीय पीड़िता अपने दोस्त के साथ बांद्रा के रिक्लेमेशन एरिया में घूमने आई थी। इस बार आरोपी ने उसका पीछा किया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। जब आरोपी उसका पीछा कर रहा था तो उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़ित लड़की की शिकायत के बाद बांद्रा पुलिस ने आरोपी खान को हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस स्टेशन ले आई। वहां भी आरोपियों ने पुलिस के साथ गाली-गलौज और चिल्लाना शुरू कर दिया. इसी दौरान आरोपियों ने पुलिस कांस्टेबल गोराडे की पिटाई कर दी. साथ ही एक अन्य पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी. इस मामले में पुलिस ने तुरंत छेड़छाड़ और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया.




## मुंबई में छाए योगी के पोस्टर

**मुंबई.**

महायुति नेताओं और कार्यकर्ताओं का संयुक्त राजनीतिक प्रचार भी चर्चा का विषय बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की एक लिस्ट भी जारी की थी। इस लिस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित सहित कई बड़े चेहरों को भाजपा ने अपना स्टार प्रचारक बनाया था। इन 40 नामों में से सबसे ज्यादा चर्चा में अगर कोई है तो वह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ हैं।

विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण किए गए परिणामों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने 18 भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, जिनमें से 17 की जीत हुई। एकमात्र भाजपा उम्मीदवार विजय अग्रवाल को अकोला पश्चिम विधानसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा। विजय अग्रवाल को कांग्रेस के साजिद खान ने महज एक हजार वोटों के अंतर से हराया था। इस तरह से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को बीजेपी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए लिए 95% स्ट्राइक रेट मिला है।

## नवनीत राणा, बोंडे और भारसाकले को बर्खास्त करने की मांग

**अमरावती.**

राज्य में महायुति ने जोरदार प्रदर्शन किया है और जिले की आठ में से सात सीटों पर महायुति ने जीत हासिल की है. हालांकि,दरियापुर की सीट गंवानी पड़ी. इससे बीजेपी में आंतरिक विवाद चौथे चरण पर आ गया है. भाजपा नेता नवनीत राणा, भाजपा सांसद डॉ. बीजेपी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य और श्रम राज्य परिषद के अध्यक्ष अरविंद नालकंडे ने मांग की है कि अनिल बोंडे और विधायक प्रकाश भारसाकले को पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए क्योंकि वे जिम्मेदार हैं।

अभिजीत अडसुल को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार के नेतृत्व वाले ग्रैंड अलायंस के आधिकारिक उम्मीदवार के रूप में घोषित किए जाने के बाद, रमेश बुंदिले इस चुनाव में गठबंधन का पालन किए बिना युवा स्वाभिमान पार्टी के लिए खड़े हुए। बीजेपी ने बुंदिले के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें पार्टी से निकाल दिया. इसे ध्यान में रखते हुए, जबकि दरियापुर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा और महायुति के सभी नेता और कार्यकर्ता अभिजीत अडसुल की जीत के लिए संघर्ष कर रहे हैं, भाजपा जिला अध्यक्ष और सांसद डॉ। अरविंद नालकंडे ने कहा है कि उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई थी कि अनिल बोंडे, बीजेपी



विधायक प्रकाश भारसाकले और पूर्व सांसद नवनीत राणा की तस्वीरें प्रदर्शित की जा रही थीं.

चुनाव प्रचार के दौरान महायुति समर्थकों ने मांग की थी कि या तो बुंदिले के कार्यालय में लगे बोर्ड और पर्चों पर लगी भाजपा नेताओं की तस्वीरें हटाने का आदेश दिया जाए या फिर उन तस्वीरों को प्रकाशित करने की इजाजत देने वाले तीनों भाजपा नेताओं को पार्टी से बाहर निकाला जाए. अरविंद नालकंडे ने राय व्यक्त की है कि मतदाताओं के बीच अंत तक भ्रम की स्थिति थी और यही महायुति उम्मीदवार अभिजीत अडसुल की हार का कारण है. अभिजीत अडसुल की हार नवनीत राणा, डॉ. नालकंडे ने बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से चंद्रशेखर बावनकुले से मिलेंगे और अनुरोध करेंगे कि इन तीनों को तुरंत पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए और एक उचित संदेश भेजा जाना चाहिए क्योंकि इस बात के स्पष्ट सबूत हैं कि अनिल बोंडे और प्रकाश भारसाकाले की संदिग्ध भूमिका जिम्मेदार है।

## नासिक में केवल 16 उम्मीदवार ही आरक्षण बचा सके

**नासिक.** अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में महायुति के उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से जीत हासिल की, इसलिए कई स्थानों पर अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के साथ पराजित हुए अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए अपनी जमानत राशि खोने का समय आ गया था। 15 निर्वाचन क्षेत्रों में 196 में से 165 यानी 84 प्रतिशत उम्मीदवारों को इतनी हार का सामना करना पड़ा। मात्र 16 प्रत्याशी ही अपना वोट बचा सके. महायुति ने अकेले दम पर जिले की 15 विधानसभा सीटों में से 14 सीटें जीतकर महाविकास अघाड़ी की हवा निकाल दी है. एनसीपी (अजित पवार) ने सात, बीजेपी ने पांच, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) ने दो और एमआईएम ने एक सीट जीती। महाविकास अघाड़ी में शामिल पार्टियों शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) को कांग्रेस ने हरा दिया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों को पांच हजार रुपये का भुगतान करना होगा। एक उम्मीदवार को जमानत वापस पाने के लिए कुल डाले गए वोटों का छठा हिस्सा (16.33 प्रतिशत) प्राप्त करना होगा। यदि कोई उम्मीदवार बड़े अंतर से चुनाव जीतता है, तो मुख्य प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के लिए वोट बचाना संभव नहीं होता है। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को अपनी जमानत वापस मिलती है जिन्हें इतने वोट मिलते हैं। बाकियों को इसे खोना होगा. जिले में 165 प्रत्याशियों को इतने वोट नहीं मिल सके. संबंधित को जमानत राशि से हाथ धोना पड़ा।



## शक्तिपीठ-भक्तिपीठ का 'राजनीतिक राजमार्ग' हुआ प्रशस्त!

**मुंबई.**

नागपुर-गोवा 'शक्तिपीठ राजमार्ग' के साथ-साथ सिंदखेड़ाराजा-शेगांव 'भक्तिपीठ राजमार्ग' और पुणे-नासिक 'औद्योगिक राजमार्ग' की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं चुनाव के कारण रोक दी गईं। अब जब महागठबंधन अधिक ताकत के साथ सत्ता में वापस आ रहा है, तो संभावना है कि ये परियोजनाएं आगे बढ़ेंगी और महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के अधिकारी आशावादी हैं।

एमएसआरडीसी के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना प्रस्ताव नई सरकार को भेजे जाएंगे। परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण एमएसआरडीसी द्वारा शुरू किया गया था। हालांकि, शक्तिपीठ राजमार्ग का सांगली और कोल्हापुर के किसानों और स्थानीय निवासियों ने विरोध किया था और इसका असर लोकसभा चुनाव में महायुतिया पर पड़ा। इसलिए विधानसभा की आचार संहिता लागू होने से पहले ही सतर्क रुख अपनाते हुए पहले शक्तिपीठ हाईवे और फिर दो अन्य परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण रोक दिया गया. भूमि अधिग्रहण रद्द होने के कारण एमएसआरडीसी ने पहले ही संरेखण बदलने और सरकार को एक नया प्रस्ताव सौंपने का फैसला किया था, लेकिन परियोजना रद्द नहीं की गई थी।

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यह भी कहा कि भक्तिपीठ और औद्योगिक राजमार्गों का मार्ग प्रशस्त करने के लिए सरकार से बात की जाएगी। संभावना है कि अगले कुछ दिनों में कार्रवाई हो जायेगी. ऐसे में नई महागठबंधन सरकार इस पर क्या फैसला लेगी, यह जानने की उत्सुकता है.

## पीएमपी बस की टक्कर से महिला की मौत

**पुणे.**

पुणे-सतारा रोड पर नाटूबाग इलाके में एक तेज रफ्तार पीएमपी बस की चपेट में आने से एक शादी समारोह से घर जा रही एक महिला पैदल यात्री की मौत हो गई। हादसे में महिला की 14 वर्षीय पोती घायल हो गई।

मृतक महिला पैदल यात्री की पहचान आशाबाई दत्तात्रेय सालुंके (उम्र 57, निवासी हीराबाग, सुकर पेठ, तिलक रोड) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि सालुंके की पोती प्रचिति (14 वर्ष) दुर्घटना में घायल हो गई और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पीएमपी ड्राइवर सतीश राजाराम गोरे (उम्र 27, कोंढणपुर, हवेली) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विशाल दत्तात्रेय सालुंके (उम्र 38) ने सहकारनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

पुलिस के मुताबिक, सालुंके परिवार शनिवार रात एक रिश्तेदार



की शादी में पुणे-सतारा रोड स्थित एक मंगल कार्यालय गया था। सालुंके, उनकी मां आशाबाई, बेटी प्रचिति शाम करीब 7:59 बजे घर के लिए निकले। वे सतारा रोड पर नटुबाग इलाके में सड़क पार कर रहे थे । वे रिक्शे से घर जा रहे थे। उस समय, एक तेज रफ्तार पीएमपी बस ने सड़क पार कर रही आशाबाई सालुंके और उनकी पोती प्रचिति को टक्कर मार दी। हादसे में आशाबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. हादसे की जानकारी मिलने के बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक छगन कापसे ने घटनास्थल का दौरा किया. जांच पुलिस उपनिरीक्षक फिरोज शेख कर रहे हैं.

## मेरी सभा हुई होती तो हार जाते तुम

> रोहित पवार से हुआ अजीत पवार का सामना

**मुंबई.**

महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख और डिप्टी सीएम अजीत पवार मजबूत होकर उभरे हैं। चुनाव नतीजे आने के दो दिन कराड में एक कार्यक्रम में एनसीपी प्रमुख अजीत पवार और शरद पवार की एनसीपी के नेता रोहित पवार की मुलाकात हुई। अजित पवार के सामने से आने पर रोहित पवार ने अजीत पवार के पैर छुए। अजीत पवार ने बधाई दी और मजाक में कहा कि मेरी सभा हुई होती तो हार जाते तुम, थोड़े से बच गए।



अजित पवार के इस कहते ही वहां पर मौजूद लोग हंस पड़े।


रोहित पवार एनसीपी चीफ व पूर्व सीएम शरद पवार के बड़े भाई दिनकरराव गोविंदराव पवार के पोते हैं। उन्होंने कर्जत जामखेड सीट पर बीजेपी उम्मीदवार राम शिंदे को हराया है। रोहित पवार इस बार सिर्फ 1243 वोटों से ही जीत पाए हैं। उन्हें 127676 वोट मिले जबकि बीजेपी के नेता प्रो. राम शंकर शिंदे को 126433 वोट मिले। 2019 के विधानसभा चुनावों में रोहित पवार बीजेपी के राम शिंदे को ही 43,347 वोटों से हराया था। एनसीपी में दो फाड़ होने के बाद रोहित पवार अजित दादा के साथ नहीं गए थे। अजित पवार से मुलाकात के बाद रोहित पवार ने कहा इस राजनीति से इतर देखा जाना चाहिए। उन्होंने बड़े होने के नाते उनके पैर छुए।

अजित पवार से मुलाकात का छोटा सा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अजित पवार करोड़ में आधुनिक महाराष्ट्र के शिल्पकार माने जाने वाले यशवंतराव चव्हाण की स्मृति दिन पर विनम्र अभिवादन के लिए कराड पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में पवार परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ शरद पवार भी गए थे, लेकिन अजित पवार की जब रोहित पवार से मुलाकात हुई तो उन्हें मजाक में यह कह दिया कि तुम बच गए।

## कांग्रेस,उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

> 52 सालों में ऐसा नहीं हुआ

**मुंबई.** महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों ने कई कीर्तिमान कायम किए। बीजेपी पहली बार 132 सीटों पर जीती। शिवसेना से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने भी कमाल करते हुए 57 सीटें जीत लीं। मगर महाराष्ट्र के पिछले 52 साल के इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड बना, जिसे यूबीटी, कांग्रेस और शरद पवार याद नहीं रखना चाहेंगे। तीनों पार्टियां मिलकर 46 सीटों तक पहुंच सकी। दसरी बार ऐसा होगा, जब महाराष्ट्र विधानसभा में औपचारिक तौर पर नेता प्रतिपक्ष का पद खाली रहेगा। इस चुनाव में विपक्ष की ओर से सर्वाधिक उद्धव सेना ने 20 सीटें जीतीं। कांटे की टक्कर का दावा करने वाली कांग्रेस 16



और शरद पवार की एनसीपी 10 सीटों पर सिमट गई। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के पराजय का असर आने वाले समय में भी नजर आएगा। फिलहाल विपक्ष के हाथ पूरी तरह से खाली हैं। उद्धव सेना 8 सीटें और जीत लेती तो उसे नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी मिल सकती थी। 288 सदस्यों वाली विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद पर दावा करने पार्टी को कम से कम 28 विधायकों की जरूरत पड़ती है। विपक्ष की ऐसी स्थिति पहले 1972 में हुई थी। इंदिरा गांधी के गरीबी हटाओ के नारे के दम पर कांग्रेस ने 270 सदस्यों वाली विधानसभा में 222 सीटें जीत ली थीं। तब तत्कालीन विपक्षी पार्टी जनसंघ समेत अन्य दलों को सिर्फ 48 सीटों से संतोष करना पड़ा था।

### आज का राशिफल

मेष - जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ - जातको के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क -दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्जा लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह - शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

कन्या - जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

तुला -आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक - आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु -जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर -जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ -आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

मीन -आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

## चुनाव नतीजों से सट्टा बाजार भी हैरान

> हजारों करोड़ का नुकसान

**मुंबई.**



विधानसभा चुनाव में महायुति की जीत से अटकलों के बाजार में भारी उथल-पुथल मच गई है. मालूम हो कि इस नतीजे से उन्हें हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है जो सट्टेबाजों के लिए भी अप्रत्याशित है.

विधानसभा चुनाव के मौसम में भारी मुनाफा कमाने के लिए सट्टेबाजों ने पिछले एक महीने से अवैध सट्टेबाजी ऐप्स में भारी निवेश किया है। लेकिन उनकी भविष्यवाणियाँ पूरी तरह ग़लत थीं। सूत्रों के मुताबिक मतदान से दस दिन पहले बीजेपी को 70 सीटें जीतने का अनुमान लगाया गया था. अनुमान लगाया गया था कि चुनाव के दिन तक बीजेपी 80 सीटें जीतकर राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बन जाएगी.

साथ ही, चूंकि चुनाव के बाद गठबंधन सरकार फिर से आने की संभावना है, इसलिए उन्होंने मतदान के बाद 85 सीटों की भविष्यवाणी की। लेकिन नतीजे घोषित होने के बाद, भाजपा ने खुद 100 से अधिक सीटें जीतीं, इसलिए दांव लगाने वालों को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ, सूत्रों ने कहा। इसके अलावा सट्टा बाजार का अनुमान है कि महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच कांटे की टक्कर होगी . ज्यादातर दांव इस बात पर लगे थे कि गठबंधन को बहुमत मिलेगा या नहीं. सट्टेबाजों ने महायुति को 133 से 154 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था, जबकि महाविकास अघाड़ी को 110 से 127 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। निर्दलीय उम्मीदवारों को 4 से 8 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया था.

### सट्टेबाजों की सारी भविष्यवाणियां गलत

लेकिन महाविकास अघाड़ी को केवल 49 सीटें मिलने से सट्टेबाजों की सारी भविष्यवाणियां गलत हो गईं. नतीजा यह हुआ कि सट्टा लगाने वालों को भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ. सूत्रों के मुताबिक विधान सभा के लिए सट्टा लगना शुरू हो गया था, उस वक्त बीजेपी 56 सीटें, कांग्रेस 42 सीटें, शिवसेना (ठाकरे ग्रुप) 32 सीटें, दोनों एनसीपी (अजित पवार ग्रुप और शरद पवार ग्रुप) 50 से ऊपर सीटें, शिवसेना (शिंदे गुट) को 25 सीटें मिलना तय माना जा रहा था. सट्टेबाजों ने बाकी 58 सीटों पर नतीजे बदलने की आशंका जताई थी.

-: जाहीर सूचना :-

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मुल मालिक **श्री मुर्तझा हमजाभाई कोठावाला, निवासी-७-ए, साई सेवाश्रम सोसायटी, मानकापूर रिंग रोड, गांधी लेआऊट, हकीमी विला, काटोल रोड, नागपुर-४४००१३** इनके मिल्कीयत की निम्नलिखित अचल संपत्ती है ।

अचल संपत्ती का वर्णन

**नागपुर सुधार प्रन्यास तथा नागपुर महानगरपालिका सिमाअंतर्गत खास मौजा-जरिपटका, सुराना लेआऊट, छावनी, राजनगर, नागपुर स्थित खसरा क्रमांक ८३/७, ८३/८, ८३/९, ८३/१० तथा ८३/११ (८३/६) इस जमीन में डाले गये लेआऊट स्थित प्लॉट क्रमांक ६, कुल क्षेत्रफल ५०१.६७ चौ.मी. (५४०० चौ.फिट)इस जमीन पर "सुदर्शन एन्क्लेव्ह" नामक बनाई गयी बहुमंझीला इमारत में पश्चिम मुख का अपार्टमेंट क्र. २०२, जिसका बांधकाम क्षेत्र ७५.८३ चौ.मी.+ बाल्कनी/लॉबी क्षेत्र २०.३२ चौ.मी. + कॉमन एरिया २६.८८ चौ.मी., इसप्रकार कुल क्षेत्र १२३.०३ चौ.मी. तथा संपुर्ण जगह में ११.६३ प्रतिशत अविभाजित हिस्सेसह हैं । इसका वार्ड नं. ६१ (पुराना ३५), सिटी सर्व्हे नं. २४३९/२, शिट नं. ६८/३७ है ।**

मुल मालिक इन्होने घोषित किया है कि, उनके पास सद्हूं अचल संपत्ती से संबंधित लिव्हरेज बिल्डकॉन प्रा.लि. द्वारा संचालक श्री आदित्य उमेश गुप्ता द्वारा आममुखत्यार श्री सतिश बंसी गौरे इन्होने श्री मुर्तजा हमजा कोठावाला इनके नाम दिनांक ११/०५/२०१६ (१७/०६/२०१६) के रोज दस्तक्रमांक ४१०५ अनुसार पंजिबद्ध करवाया गया मुल बिक्रीपत्र उपलब्ध नही है तथा वह उनसे गुम हो गया है ।

अत: किसी भी व्यक्ती को उक्त बिक्रीपत्र मिलने पर तुरंत निम्नलिखित पते पर संपर्क करें ।

दिनांक : ...../१०/२०२४

अ‍ॅड. निशांत पोतदार
एफएस-१३१, श्रीमान पॅलेस, माऊंट कार्मेल स्कुल के पास, लोकमत चौक, नागपुर.
फोन-९३७३४९१५१३, ९३२५९६९६१६

## सुविचार

"संघर्षों का सम्मान करना सीखें, क्योंकि इसी में आपकी सफलता का रहस्य छिपा रहता है।"

## संपादकीय

# नतीजों का संदेश

### > बीजेपी की सबसे बड़ी जीत

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद बीजेपी समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गई। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है।

सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया।

दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का ऐलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाए मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा।

इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किए। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जाएंगी।यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए याद रखा जाएगा।बीजेपी ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में बीजेपी का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा।

पार्टी और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' जैसे अजेंडे को स्वीकार किया है। हालांकि, महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर महायुति में खींचतान हो सकती है। बीजेपी ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य में सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं तो चुनाव एकनाथ शिंदे सरकार की अगुआई में लड़ा गया। देखना होगा कि इस मामले में महायुति में क्या फॉर्म्युला निकलता है।



# समस्याएं सुलझाने वाले युवा ही प्रसिद्धि पाते हैं

**-एन. रघुराम**

कुछ किशोर आत्महत्या कर रहे हैं या बच्चों का शोषण हो रहा है। दोनों ही मामलों में हममें से अधिकांश लोग इनके प्रति अपनी सहानुभूति जताते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ जाते हैं क्योंकि हमारे पास अपने काम भी हैं।पर इसी समाज में कुछ ऐसे युवा भी हैं, जो ऐसी समस्याओं पर गहराई से काम कर रहे हैं और ऐसे मुद्दे सुलझाने के प्रयास कर रहे हैं और इन्हीं प्रयासों की बदौलत वह सबकी निगाह में आ रहे हैं। यहां चंद उदाहरण हैं।

तेलंगाना, वारंगल के 26 वर्षीय याकरा गणेश ने "संस्कार' नाम से डॉल बनाई है, जिसने अब तक सरकारी स्कूल के 60 हजार से ज्यादा बच्चों को "गुड टच-बैड टच' के बारे में सिखाया है। ये कैसे काम करती है.अगर कोई व्यक्ति डॉल को ऐसी जगह से छूता है, जहां से नहीं छूना चाहिए, तो डॉल चिल्लाती है, "मत छुओ'। पिछले महीने गणेश ने तेलंगाना के आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू के सामने संस्कार को आधिकारिक लॉन्च हेतु पेश किया।अब वो संस्कार 2.0 की तैयारी कर रहे हैं, जो इंसानों जैसी होगी और ज्यादा प्रभावी रूप से इस्तेमाल में आएगी। वो इसके बारे में हैदराबाद स्थित देश के इस सबसे बड़े प्रोटोटाइपिंग सेंटर 'टी-वर्क्स' से चर्चा कर रहे हैं, इसे तेलंगाना सरकार ने स्थापित किया है।चार साल पहले जाकिर हुसैन शेख ने देखा कि एक बच्ची ने पांचवी मंजिल से कूदकर जान दे दी। स्कूल जाने वाली वो बच्ची नोट



छोड़कर गई, जिसमें लिखा था कि उसके अपार्टमेंट के अंकल ने उसका शोषण किया, इसलिए वो जिंदगी खत्म कर रही है।

ऐसी बच्चियों को शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 38 वर्षीय इस बाल अधिकार कार्यकर्ता ने सुरक्षा पर कॉमिक बुक बनाई है।जागरूकता फैलाने के उनके मिशन के परिणाम आने लगे हैं, डेढ़ साल पहले, जब से पहली बार ये कॉमिक बुक बंटनी शुरू हुई, बच्चियां ऐसे शोषण के बारे में बताने लगी हैं।

अब तक 165 सरकारी स्कूल की 12 हजार से ज्यादा बच्चियों को यह बुक बांटी जा चुकी है।इस साल जुलाई में दृष्टिहीनों के आवासीय स्कूल में एक आठ वर्षीय दृष्टिहीन बच्ची का 25 साल के सफाई कर्मचारी ने शोषण किया। इस घटना से हिल गए जाकिर ने ब्रेल लिपि में भी किताब प्रिंट करवाई। उनके काम से प्रभावित माइक्रोसॉफ्ट ने हाल ही में जाकिर की मदद की है।टेक्नोलॉजी में हमेशा अंग्रेजी का दबदबा रहा है, ऐसे में लाखों भारतीयों ने खुद को डिजिटली अलग-थलग पाया। डिजिटल दुनिया शायद ही ऐसे छोटे मार्केट वाले गैर-अंग्रेजीदा लोगों की मदद करने की कोशिश करती है, न ही उनकी भाषा की बाधा को तोड़ने की कोशिश करती है और रोजगार के अवसर नहीं देती।

पर शेरिन के. नाम के डिजाइन इंजीनियर ने ब्रेकथ्रू हासिल करते हुए कन्नड़ा नाम से की-बोर्ड विकसित किया है, उनकी कंपनी बेंगलुरु के बाहर स्थापित है, जो दस भाषाओं में टाइपिंग सपोर्ट करता है। इनमें कन्नड़, तेलुगु, तमिल, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया, तुलु, संस्कृत, गुजराती, अंग्रेजी है।

देश की 66% आबादी अंग्रेजी टाइपिंग में तंग है, इससे नौकरी के अवसर सीमित हो जाते हैं, अपनी अनोखी डिजाइन के साथ ये कीबोर्ड छह खंडों में बंटा है, इससे बाकी भाषाओं का नेविगेशन आसान हो जाता है, साथ ही दिव्यांगों के लिए भी मददगार है। 699 रु. का ये कीबोर्ड लैपटॉप-कंप्यूटर्स के साथ मोबाइल में एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर भी सपोर्ट करता है। शेरिन का दावा है कि यह कई लोगों के लिए एक सुलभ तकनीकी मदद है।

## कहानी

# बास

**– गुलज़ार**

पार्टी वाला बोला 'नौ साल तक लड़ लड़ के हमने, तूम लोगों के लिए ये कोलोनी बनवा के दी. तूम लोगों को झोंपड़पट्टी से निकाला, सिमेंट के पक्के घर बना के दिए हैं. और अब तुम बोलता है...डब्बे-बोतल में बंद कर दिया.'

मेरे घर वाला, हमेशा पार्टी वाले से बहस करता था : ''तू इसे बस्ती बोलता है. आदमीयों का गोदाम लगता है. सबको पार्सल में पैक कर के रख दिया है!''

मैं दांतों में दुपट्टा दबाये सब सुनती रहती हूं. मेरे को क्या लेना इन लोग की पालिटिक्स से? वो भी लगा रहता है. मेरा आदमी!

''अरे साला, दो बिल्डिंग के बीच में दो हाथ गाड़ी की जगह तो होनी चाहिए. इधार से जाता आदमी, उधार से आते आदमी से टकरा जाता है. 'क्या बात करता है मैथ्यू : पुलिस का दो जीप गुज़र सकता है. तू नाप के देख ले. अबे छोड़...दो चारपाई बिछा के ताश खैल सकता है क्या? अब बम्बई की गलियां चारपाई बिछाने के लिए तो नहीं है, दोस्त!

मैं भी सोचती हूं, सारा रंग-रूप ही बदल गया इस ज़मीन का. पहले आधा साल दलदल की तरह कीचड़ रहता था यहां. कुछ खाड़ी का पानी आ जाता था. और आधा साल सूखे कीचड़ की काली मट्टी उड़ती थी. नंग धड़ंग बच्चे, कुत्ते, कतुरे जानी की मुर्गियां और मुर्गे सब पल जाते थे. बच्चे, पिल्लों को रस्सी बांधा के घसीटते रहते थे. बड़े होते होते उन सब कुत्तों की गर्दनें लंबी हो जाती थीं.

सरकार ने अब इसकी आधी ज़मीन पर, सिमेंट की तीनमंज़िला पक्की बिल्डिंग बना दी हैं. और एक-एक मंज़िल पर चोबीस-चोबीस फ्लैट हैं. हर एक फ्लैट में एक कमरा, एक रसोईघर, जिसमें धुआँ ऊन के गोले की तरह लिपटा चला जाता है. एक नल ख़ना!

और एक-एक बिल्डिंग में, हर मंज़िल पर दो पाखाने बना दिए हैं. ताकि पानी के डब्बे उठा कर दूर ना जाना पड़े. लाईन अब भी लगती है. लेकिन पहले ये लाईन खुले में लगती थीं. अब दीवार से लगे-लगे सीढ़ियां चढ़ जाती हैं.जब ये बिल्डिंग बननी शुरू हुई थीं तो सारी झोंपड़ियां घसीट के, मैदान के एक तरफ़ रख दी गई थीं. जैसे ग़फ़्फ़ार मंडी में अपनी ख़ाली टोकरियों का झोपड़ियां तो फिर भी काफ़ी सब्ज़ रहती थीं.हमारी झोंपड़ी के सामने थोड़ी-सी खुली जगह थी, जहां संतोष ने करैले की बेल लगा दी थी. और खपचियों से बांध के दीवार सी खड़ी कर ली थी. उससे साथ की झोंपड़ी भी अलग हो गई थी. लेकिन बेल तो बेल ही थी. जहां साथ वाले को (पड़ोसी को) दो करैले लटकते नज़र आए, वहीं कपड़े धोने के बहाने बाल्टी पानी की रखी और मौक़ा पाते ही हाथ डालकर करैले चुरा लिए और पानी की बाल्टी में ही कपड़ों के नीचे रखके अंदर ले आए.

मैं तो कई बार अपने मरद से कह चुकी हूं. ये भी साली कोई ज़न्दगी है? दरबों में बंद कर दिया है सरकार ने. पता है क्यों? ताकि ग़रीबी की बास बाहर ना जाए. चल मकान बेच के, कहीं और चलते हैं. किसी और झोंपड़पट्टी में जगह मिल जाएगी...!!

## लघुकथा

# हलवे की खुशबू

ओ कला !!! कहाँ हो तुम ? कब से आवाज दे रही हूँ । गली में चूड़ीवाला आया है । सुन्दर - सुन्दर चुड़ियाँ सजा रखी हैं उसने ! बड़बड़ाती हुई शकुन्तला देवी सीढ़ियों की ओर लपकीं । शायद अपने कमरे में होगी , कहते हुए उसके कमरे तक पहुँचीं । अभी फिर आवाज लगाने ही वाली थी कि कला की सिसकी सुन ,सहम सी गईं । सहसा उन्हें खयाल हो आया कि कला के इकलौते भाई की , एक सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु को अभी एक महीने भी पूरे नहीं हुए थे । ऐसे में रक्षाबंधन का त्यौहार , उसके लिए दुखदायी तो होगा ही । और मैं ! अपने भाई की धुन में, ये क्या करने जा रही थी ..... क्या मैं स्वार्थी सास हूँ ... क्या मेरे अन्दर की सम्वेदना मर चुकी है ?....नहीं , नहीं ... ऐसा नहीं हो सकता । मैं कला की सास ही नहीं माँ भी हूँ । उसकी पीड़ा , मेरी पीड़ा है । जाती हूँ , उसका मनपसंद मूंग का हलवा बनाने। दोनों साथ बैठकर खाएंगे तो उसका मन दूसरी ओर लग जाएगा । ऐसा कहते हुए शकुंतला देवी रसोईघर की ओर चल दीं । इधर कला अब चुप हो गई थी । शायद ' हलवे की खुशबू ' ने उसका ध्यान भंग कर दिया था और सासू माँ के काम में हाथ बटाने को चल पड़ी थी , रसोई की ओर .......।

**– सुषमा गुप्ता**

## समीक्षा

# जुलाहे का कैनवस

**– अर्पणा कौर**

अर्पणा कौर देश की जानी-मानी चित्रकार हैं। समकालीन भारतीय कला में इनका अपना ख़ास स्थान हैं। इनकी पेंटिंग्स दुनिया की प्रमुख आर्ट गैलरियों में प्रदर्शित हो चुकी हैं। मॉडर्न आर्ट में वैसे तो कई भारतीय चित्रकारों ने अपनी पहचान बनाई, पर अर्पणा कौर का काम विशिष्ट है। उनकी पेंटिंग्स अन्य महत्त्वपूर्ण मॉडर्निस्ट चित्रकारों की तरह सिर्फ़ अब्सट्रैक्ट ही नहीं है, बल्कि उनमें जो यथार्थ सामने आया है, वह दिखलाता है कि उनका उस मनुष्य के भाव-जगत से गहन तादात्म्य है, जो हाशिये पर है। मनुष्य के मन के अंधेरे कोनों में झांकना और उसकी पीड़ा को कैनवस पर रेखाओं-रंगों से इस तरह उकेरना कि वह कविता का रूप ले ले, अर्पणा कौर की अपनी ख़ासियत है। उनकी कला तल्ख़ सच्चाइयों को सामने लाती हैं। वे अब्स्ट्रैक्शन में भी यथार्थ के रंग उकेर देती हैं। भारतीय महिलाओं की उपेक्षित दशा ने उनकी संवेदना को गहराई से प्रभावित किया है। यह उनके काम में अक्सर दिखाई पड़ता है। उन्होंने वृन्दावन की विधवाओं के हालात पर



'विडोज ऑफ वृन्दावन' सीरीज की पेंटिंग्स बनाई, जो दुनिया भर में चर्चित रही। इसी प्रकार, 1984 के सिख दंगों ने उनकी संवेदना को झकझोर कर रख दिया। इसके दर्द और दंगों की भयावहता-विडम्बना को उन्होंने 'वर्ल्ड गोज ऑन' नाम की चित्र-श्रृंखला में उकेरा। यह चित्र-श्रृंखला दुनिया भर में प्रशंसित हुई।


अर्पणा कौर का जन्म दिल्ली में 4 सितंबर, 1954 को सिख परिवार में हुआ। उनकी मां अजीत कौर पंजाबी की मशहूर साहित्यकार हैं। अर्पणा कौर ने दिल्ली विश्वविद्यालय से साहित्य में एमए किया। वे स्व-प्रशिक्षित कलाकार हैं। उन पर पहाड़ी मिनियेचर ट्रेडिशन और लोक परंपरा का काफी प्रभाव है। दार्शनिक स्तर पर वे नानक, कबीर, बुद्ध, योगी-योगिनी और सूफ़ी परंपरा से भी प्रभावित रही हैं। समय, जीवन और मृत्यु उनकी कलाकृतियों में मुखर है। जापान पर हुए परमाणु बम विस्फोट की 50वीं बरसी पर उन्होंने एक बड़ी कृति की रचना की, जिसे हिरोशिमा आधुनिक कला संग्रहालय में स्थायी रूप से रखा गया। दरअसल, कला के संस्कार उन्हें अपने घर के माहौल में ही मिले। जब वे बच्ची थीं, तभी अपनी मां को हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए परमाणु बम विस्फोट में मृत लोगों के लिये प्रार्थना करते देखा करती थीं। इससे उनमें उस हॉलोकास्ट में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जागृत हुई और उन्होंने कला के उस रूप का सृजन किया, जो आज विश्व शांति आन्दोलन की धरोहर बन चुका है। अर्पणा कौर ने 1980 में 'धरती' नाम की चित्र-श्रृंखला बनाई। इसमें उन्होंने नानक, कबीर, बुद्ध और भारतीय स्वतंत्रता-संग्राम के नायकों - भगत सिंह, उधम सिंह और महात्मा गांधी को चित्रित किया।

## लोक कथा

# बेवकूफ मामो

इथियोपिया के एक गाँव में मामो नाम का एक लड़का अपनी माँ के साथ रहता था। उसके पिता नहीं थे। मामो की माँ बहुत ही गरीब थी इसलिये वह अपनी माँ की सहायता करना चाहता था. एक दिन वह एक किसान के पास गया और उससे उसे कुछ काम देने के लिए कहा। किसान भला था उसने मामो को अपने खेत पर कुछ काम दे दिया। जब मामो ने अपना काम खत्म कर लिया तो किसान ने उसके काम के बदले में उसको कुछ पैसे दिए। जब मामो घर वापस जा रहा था तो उसने वे पैसे रास्ते में फेंक दिए। जब मामो घर पहुंचा तो उसने अपनी माँ को बताया कि आज उसने एक किसान के पास काम किया था। माँ ने पूछा तो उसने तुम्हें पैसे दिये होंगे। तुम्हारे वे पैसे कहाँ हैं? मामो बोला वह तो मैंने फेंक दिये। इस पर उसकी माँ बहुत नाराज हुई और बोली - "आगे से ऐसा कभी नहीं करना बल्कि जिसके लिये तुम काम करो वह अगर तुम्हें कुछ दे तो उसको अपनी जेब में रख कर लाना।"

अगले दिन मामो फिर उसी किसान के पास गया और फिर उसका काम किया। काम खत्म होने के बाद किसान ने उस दिन उसको उसके काम के बदले में कुछ मक्खन दिया। अपनी माँ की बात याद करके मामो ने वह मक्खन अपनी जेब में डाल लिया। रास्ते में गरमी थी सो घर आते आते वह मक्खन पिघल गया। जेब में से मक्खन पिघल पिघल कर टपकता रहा। मक्खन भी गया और उसके सब कपड़े भी खराब हो गये। जब मामो की माँ ने यह सब देखा तो वह मामो पर फिर बहुत नाराज हुई और बोली "मामो, इस तरह तुम मेरी सहायता नहीं कर रहे हो।" मामो भी यह सुन कर बहुत दुखी हुआ क्योंकि वह सचमुच ही माँ की सहायता करना चाहता था। उसने माँ से कहा कि



अगली बार वह ख्याल रखेगा। अगले दिन जब मामो ने अपना काम खत्म किया तो उस किसान ने मामो को कुछ माँस दिया। मामो ने उस माँस को रस्सी से बाँधा और उसको जमीन पर घसीटते हुए घर की तरफ चल दिया।कुछ कुत्तों ने वह माँस देखा तो वे मामो के पीछे लग गये और उन्होंने उसका सारा माँस खा लिया।जब तक मामो घर पहुंचा तब तक उस माँस में से कुछ भी नहीं बचा था। उसकी माँ यह देख कर फिर बहुत नाराज हुई और बोली "अगली बार तुमको जो कुछ मिले अपने कंधे पर रख कर लाना। समझे।"अगले दिन किसान ने मामो से कहा कि वह उसके गधे को नदी पर नहलाने के लिये ले जाये।" मामो को अपनी माँ के शब्द याद आये तो उसने उस गधे को अपने कंधे पर रख लिया और नदी की तरफ चल पड़ा।रास्ते में रास डेमिसी का घर पड़ता था। रास डेमिसी की बेटी बहुत बीमार थी। वह हमेशा उदास रहती थी हंसती ही नहीं थी। रोज वह उदास चेहरा लिये गुमसुम सी अपनी खिड़की के पास बैठी रहती और खिड़की से बाहर देखती रहती।

कोई डाक्टर उसका इलाज नहीं कर पा रहा था। कोई उसकी कुछ सहायता भी नहीं कर पा रहा था। जब मामो गधे को अपने कंधे पर रख कर नदी की तरफ ले जा रहा था तब भी वह अपनी खिड़की में बैठी बाहर ही देख रही थी। जब उसने मामो को कंधे पर गधे को उठाये देखा तो उसको बड़े ज़ोर से हंसी आ गयी। तो वह तो हंसते हंसते लोट पोट ही हो गयी।

उसकी हंसी की आवाज सुन कर सारा घर वहाँ आ गया। सब बहुत ही खुश हुए कि जो काम बड़े बड़े डाक्टर नहीं कर सके वह काम मामो के एक छोटे से काम ने कर दिया। उस घटना के बाद तो वह उसको याद कर करके अक्सर ही हंसती रहती। कुछ ही दिनों में वह ठीक हो गयी।रास डेमिसी ने अपनी बेटी की शादी मामो से कर दी। अब मामो की माँ गरीब नहीं रही। सब लोग खुशी खुशी रहने लगे।

यह कहानी "बेवकूफ जैक" जैसी है पर वह कहानी इससे ज़्यादा पूरी और तर्कसंगत लगती है। ऐसा लगता है कि श्लोमो के जिस विद्यार्थी ने यह कहानी उसको सुनायी, उसने उसको यह कहानी पूरी नहीं सुनायी। पर श्लोमो क्या करता, उसको तो जो कहानी सुनायी गयी उसने वही कहानी लिख दी।

## व्यंग्य

# हाय मेरा परीक्षा परिणाम

**-पुरुषोत्तम विश्वकर्मा**

मेरे पड़ोसी जी का टप्पू दौड़ा-दौड़ा मेरे घर आया और अखबार मांगा। मेरे हाथ से लगभग झपटकर पहले पृष्ठ पर ही छपी मेरिट सूची में ही अपना नाम और तस्वीर खोजने लगा। जब सूची में नाम नहीं मिला तो सीधा प्रथम श्रेणी आने वालों में अपना रोल नंबर ढूंढ़ने लगा और पूरे रोल नंबर छान मारने के बाद रुआंसा जरुर हुआ मगर धीरे से द्वितीय श्रेणी में अपना रोल नंबर तलाशने लगा. जब नहीं मिला तो रोया तो नहीं मगर उसका धैर्य जवाब अवश्य दे चुका था. फिर थोड़ा दिल कड़ा करके वह डबडबाई आंखों से तृतीय श्रेणी में मगर बड़े गौर से अपना रोल नंबर खोजा. अब तक उसका हौसला पस्त हो गया था और आखिरी उम्मीद के तौर पर पूरक और रोके गए परीक्षा परिणाम में अपने रोल नंबरों की पड़ताल की उसे अपना रोल नंबर नहीं मिलना था नहीं मिला. आखिरकार उसने अपनी जेब में से अपना प्रवेश पत्र निकाला, अपने रोल नंबर की तस्दीक की और एक बार फिर से रोल नंबरों के नीचे पैन से अंडरलाइन करते हुए बड़ी चौकसी के साथ अपना रोल नंबर ढूंढा । मगर मिलता तो तब न, जब छपता । अब तक टप्पू रो पड़ा था, उसने रोते-रोते कुछ यूं बयान किया । टप्पू बोला, चाचाज. इस परीक्षा के लिए तो भारत-पाक के क्रिकेट मैच नहीं देखे । रात-दिन पढ़ा । जिस तरह से पेपर किए थे, आने की उम्मीद तो सूची में, मगर प्रथम श्रेणी आने में तो कोई शक शुबहा ही नहीं था.फेल होने के तो कोई चांस ही नहीं थे । एक तो साल भर मेहनत की थी दूसरा अपने स्कूल का रिजल्ट अच्छा रखने की गरज से हमारे इन्वेलिजेटर्स ने पूरे के पूरे प्रश्नों को बोर्ड पर हल करके बताया था. जो प्रश्न उनको भी नहीं आए उनको हमने पासबुक्स की सहायता से हल किया था.

मैं स्वयंपाठी था, मगर मेरी नकल करने वाले रेगुलर सबके सब पास हो गए हैं। हमारे केन्द्राधीक्षक की साली साहिबा, जिसे अंकों और शब्दों में अपने रोल नंबर लिखना तक नहीं आता था वो द्वितिय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। मेरे पास वाली टेबल वाला परीक्षार्थी किसी परीक्षा में हाजिर नहीं हुआ था मगर वो तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हो गया । सुना है वो परीक्षा प्रभारी का भाई था. मैंने सारे के सारे प्रश्न अटेम्पट किए थे मगर मैं पास ही नहीं हो सका हां, गणित का एक सवाल मुझे उड़नदस्ते में आई मैडम ने बताया था वो गलत निकला जबकि वो सवाल मैंने सही किया था जिसे उसके कहने पर काटा था।मैंने उसे समझाया यार टप्पू इतने हताश क्यों होते हैं? अगर इतना पुख्ता यकीन है तो फिर पुर्नगणना करवा लेना, पुर्नमूल्यांकन करवा लेना ,मगर मेरी बात पूरी होने से पूर्व ही टप्पू लगभग दहाड़ मार कर रोते हुए बोला, अंकल ये सब फार्मल्टीज हैं। लोग कहते है, पुर्नमूल्यांकन में कभी-कभी उत्तर-पुस्तिका को छेड़ा तक नहीं जाता केवल सूचना भेज दी जाती है 'नो चेंज' और पुर्नमूल्यांकन में परीक्षार्थी को पन्द्रह सैकण्ड में पूरी उत्तर-पुस्तिका देखनी पड़ती है जबकि इतने समय में उत्तर-पुस्तिका देखना तो दूर अपनी उत्तर-पुस्तिका पहचानना भी मुश्किल होता है।

## कहानी

# माणिक सा माणिक

सन 1950 की बात है। देश नई - नई आजादी का आनंद ले रहा था। चारों तरफ उल्लास का माहौल था। बच्चा-बच्चा आजाद हवा में सांस ले रहा था। राजनैतिक हलचलों से दूर, देश की राजधानी के निकट बसी मथुरा नगरी के 17 वर्षीय बालक माणिक के लिए तो आजादी का अर्थ भी निराला था और संघर्ष भी। माणिक मथुरा के एक सम्पन्न परिवार में जन्मा था। घर में घी-दूध की नदियां बहती थी, किसी चीज की कोई कमी न थी। कमी थी तो बस माँ की। माँ के आकस्मिक निधन के कारण बालक माणिक ममता से वंचित रह गया था। माँ के निधन के बाद कुछ 5 वर्ष की उम्र से ही उसने गली-मोहल्ले की हर महिला में माँ को खोजना और पाना शुरु कर दिया था। घर में उसका जी न लगता था। वह दिनभर गलियों में घूमता, मंदिरों को अपना घर मानता और कान्हा को अपना सखा मानता, ठीक अर्जुन की तरह। हाँ अर्जुन ही तो बन गया था माणिक! वैसा ही लक्ष्य पर केन्द्रित मन, वैसी ही सर्वश्रेष्ठ बनने की लगन और वैसा ही कृष्ण-सा सहचर पाने का संयोग। माणिक और कृष्ण दोनों में विचित्र -सी मित्रता हो गई थी। जी हाँ कृष्ण भगवान से ही हमारे माणिक की मित्रता हो गई थी। सबके लिए कृष्ण भगवान थे पर माणिक के लिए तो उसके परम प्रिय सखा थे जो उसकी तरह ही मथुरा में जन्मे और गलियों में खेले थे। अपना सुख-दुख बांटने के लिए माणिक के पास कृष्ण से सच्चा कोई अन्य साथी न था। एक बार कृष्ण के मंदिर में किसी ने बातों-बातों में माणिक को उसके नाम का अर्थ बता दिया। बस तब से तो वह स्वयं को माणिक की तरह बहुमूल्य समझने लगा था। स्वयं की सुरक्षा करने लगा था और स्वयं को तराशने व चमकाने का भरपूर प्रयास करने लगा था। स्कूल में भी चमकने लगा था माणिक। सब बच्चों से निराली थी उसकी चमक। अध्यापक उससे बहुत प्यार करते परंतु कभी - कभी उसके प्रश्नों के सामने निरुत्तर हो जाते तब माणिक अतृप्त ही रह जाता। मथुरा नगरी के अध्यापकों के ज्ञान से माणिक की पिपासा तृप्त नहीं हो पा रही थी। वह बहुत शान पाना चाहता था, खूब पढ़ना चाहता था। वह कान्हा के पास गया और उनकी प्रेरणा से उसने भी मथुरा छोड़ कर गुजरात जाने का निश्चय किया। दोनों में अंतर था तो केवल इतना था कि कान्हा द्वारका गए थे राज करने के लिए और वह जाएगा बड़ौदा पढ़ने के लिए।


# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

### > कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.



पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, मंगलवार, 26 नवंबर 2024


## गैरपरिवहन श्रेणी (कार) वाहनों के लिए एमएच 33 AD की नई श्रृंखला लॉन्च

**गढ़चिरोली, :** गैर-परिवहन श्रेणी (कार) वाहनों के लिए नई श्रृंखला एमएच 33 AD लॉन्च होने जा रही है। उक्त श्रृंखला में आकर्षक/वरीयता क्रमांक के आरक्षण हेतु आवेदन पत्र 27 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से स्वीकार किये जायेंगे। यदि किसी आकर्षक/पसंदीदा नंबर के लिए एक से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो नंबर की नीलामी की जाएगी। इसकी जानकारी उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी किरण मोरे ने दी है.

## अनु. जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगितापूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गढ़चिरोली:** आदिवासी अभ्यर्थियों के लिए कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता सूचना और मार्गदर्शन केंद्र, गढ़चिरौली ने जिले में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए एमपीएससी अभ्यर्थियों के लिए प्री-प्रतियोगिता प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिला चयन समिति और आईबीपीएस, एसएससी परीक्षा की विभिन्न भर्तियों का निःशुल्क आयोजन किया। क्रियान्वित किया जा रहा है. जो अभ्यर्थी उक्त प्रशिक्षण लेना चाहते हैं उनके पास स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र और रोजगार कार्ड (Employment CARD) होना आवश्यक है। प्रशिक्षण की अवधि साढ़े तीन माह है। प्रशिक्षण के दौरान 1000 रुपये (एक हजार रुपये) प्रति माह का विच्छेद वेतन दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को चार पुस्तकों का एक सेट और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही आवेदन इस कार्यालय में 01 नवंबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक जमा करना होगा, जिसके बाद 29 नवंबर 2024 को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता सूचना और मार्गदर्शन केंद्र, सरकारी परिसर बैरक नंबर 2 में आदिवासी उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। , गढ़चिरौली। अधिक जानकारी के लिए 8485814488 पर संपर्क करें यह अपील कौशल विकास रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन अधिकारी योगेन्द्र शेंडे ने की है.

## 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' में भाग लेने के लिए युवा आमंत्रित

**गढ़चिरोली:** भारत सरकार ने 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' पहल के तहत अगले वर्ष आयोजित होने वाले 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025' का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस बीच देशभर से चुने गए 3,000 युवा 12 से 13 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के सामने विकसित भारत की अपनी अवधारणा पेश करेंगे. सेमिनार के दौरान युवाओं को देश-विदेश के यंग आइकॉन्स से चर्चा करने और सीखने का मौका मिलेगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में युवा नेतृत्व प्रतिभा की खोज और पोषण करना, युवाओं को विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करना, उन्हें शीर्ष निर्णय निर्माताओं और प्रसिद्ध वैश्विक और राष्ट्रीय हस्तियों के साथ जोड़ना और युवाओं को नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाना है। एक विकसित भारत.

**4 चरणों में होगा चयन–**

इन युवाओं का चयन 4 चरणों में विकसित भारत यंग लीडर्स सेमिनार के माध्यम से किया जाएगा। पहले चरण में, विकास भारत क्विज़ ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, जिसमें 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा MYभारत.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण करके भाग ले सकते हैं। पहले चरण में चयनित युवा इवॉल्विंग इंडिया ब्लॉग/निबंध प्रतियोगिता के दूसरे चरण में भाग लेंगे। इस चरण से चयनित युवा विकसित भारत राष्ट्रीय पिच डेक-स्टेट चैम्पियनशिप के तीसरे चरण में भाग लेंगे और तीसरे चरण के विजेता विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के अंतिम चरण में भाग लेंगे। पहला चरण भारत सरकार के MyGov पोर्टल पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा।

**नेहरू युवा केंद्र की अपील–**

गढ़चिरौली जिले के सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 - विकसित भारत युवा नेता संवाद में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उपरोक्त 4 चरणों को पूरा करना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र गढ़चिरौली से संपर्क करें और पोर्टल myभारत.gov.in पर जाएं, जिला युवा अधिकारी अमित पुंडे ने अनुरोध किया है।

# पुल के पास विस्फोटक रखने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस बल ने किया गिरफ्तार

**गढ़चिरोली:**

गढ़चिरोली जिला माओवादी बहुल जिला है, इसलिए माओवादी यहां विभिन्न हिंसक गतिविधियों को अंजाम देकर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 की पृष्ठभूमि में माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से भामरागढ़ और ताड़गांव को जोड़ने वाले पर्लकोटा नदी पुल पर कुछ विस्फोटक (आईईडी) लगाए थे। उस से दिनांक 16/11/2024 को वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में बीडीडीएस टीम की मदद से उक्त विस्फोटकों की तलाश की गई तथा मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट कर दबे हुए विस्फोटकों को नष्ट कर दिया गया। भामरागढ़ चौकी पर सुरक्षा बलों के जवानों की हत्या और उनके हथियार और गोला-बारूद लूटने के संबंध में अपराध क्रमांक 52/2024 धारा 109, 132, 126 (2), 190, 191 (2) (3), 61 (2) भारतीय न्याय संहिता धारा 5/28 बाहका, धारा 4,5 भारतीय स्फोटक कानून की, धारा 37 (1) के साथ ( 2) मपोका, धारा 13, 16, 18, 20, 23, 38, यूएपीए एक्ट की धारा 39 के तहत मामला दर्ज किया गया था. उक्त घटना में सक्रिय रूप से शामिल एक इस्मास को गढ़चिरौली पुलिस बल ने कल 24/11/2024 को गिरफ्तार



कर लिया है।

उक्त अपराध में अभियुक्तों की तलाश की जा रही है वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में गुप्तचर तंत्र तेज किया गया, इस संबंध में भामरागढ़ के उपविभागीय पुलिस अधिकारी अमर मोहिते को विश्वसनीय सूत्रों से गोपनीय जानकारी मिली कि आरोपी का नाम पांडु कोमटी मट्टामी, उम्र 35 वर्ष, निवासी पोयारकोटी, तह. भामरागढ़, जिला. गढ़चिरौली भामरागढ़ वन क्षेत्र में विचरण कर रहा है। इस दौरान कल दिनांक 24/11/2024 पुलिस अधिकारी संकेत नानोती के नेतृत्व में पोस्ट भामरागढ़ पार्टी और सीआरपीएफ के जवान पोस्ट क्षेत्र अंतर्गत अरेवाड़ा रोड पर नाकाबंदी के लिए निकले थे. नाकाबंदी के दौरान उन्हें एक व्यक्ति संदिग्ध व्यवहार करते हुए मिला, और आगे की जांच करने पर, उसे हिरासत में लिया गया और उसकी पहचान पांडु कोमटी मट्टामी, उम्र 35 वर्ष, निवासी पोयारकोटी, तह. भामरागढ़, जिला. गढ़चिरौली,के रूप में हुई।

16/11/2024 को भामरागढ़ के पास पर्लकोटा नदी पुल के पास, 01 क्लेमोर और 02 विस्फोटकों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों के जवानों को मारने और उनके हथियार और गोला-बारूद को लूटने के लिए पोस्टे भामरागढ़ में किया गया था। नहीं। 52/2024 धारा 109, 132, 126 (2), 190, 191 (2) (3), 61 (2) भान्यासम, उपधारा 5/28 बहका, उपधारा 4,5 भासफोका, उपधारा 135 मपोका , उपधारा 13, 16, 18, 20, 23, 38, 39 यूएपीए जैसा कि यह पता चला कि वह सीधे तौर पर इस कृत्य में शामिल था, उसे कल 24/11/2024 को 22:05 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अपराध में एक गिरफ्तारी हो चुकी है और अपराध के संबंध में आगे की जांच जारी है।

## कैमरे में कैद हुआ पट्टेदार बाघ

**> रालेगांव (रीठ) शिवार में वन विभाग ने लगाए कैमरे**

**> पहले भी मिले थे पगमार्क, लोगों में दहशत**

**चंद्रपुर.**

वणी तालुका के रालेगांव (रीठ) शिवार में पहले एक बाघ के पैरों के निशान पाए गए थे, इसलिए वन



विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र में कैमरे लगाए थे. इस धारीदार बाघ को शुक्रवार (22 तारीख) सुबह 4.29 बजे कैमरे में कैद किया गया. साफ़ है कि ये बडा बाघ है. इससे इस इलाके के वणी तालुका के रालेगांव, पटाला केके लोगों में डर फैल गया है. किसान और खेतिहर मजदूर डर के कारण खेतों में नहीं जा रहे हैं और खेती का काम बाधित हो रहा है.

यहां के लोगों ने पहले ही स्थानीय वन विभाग को इस समस्या से अवगत कराया था. वन विभाग अलर्ट हो गया है और जिन स्थानों पर बाघ के पैरों के निशान मिले हैं, वहां छह कैमरे लगाए गए हैं. साथ ही गश्त भी बढा दी गई है. वन विभाग को इस बाघ का बंदोबस्त करना चाहिए. ऐसी मांग क्षेत्र के लोगों द्वारा की जा रही है.

## गढ़चिरोली शहर में भाजपा की जीत

**> डॉ. मिलिंद नरोटे की सफलता का जश्न**

**गढ़चिरोली:** विधानसभा चुनाव में भाजपा महायुति के उम्मीदवार डॉ. मिलिंद नरोटे ने शानदार जीत से गढ़चिरौली शहर में खुशी का माहौल बना दिया. इस जीत के मौके पर शहर में एक भव्य विजय रैली निकाली गई, जिसमें बीजेपी पूर्व सासंद अशोक नेते, विधायक डॉ. देवराव होली,



जिला अध्यक्ष प्रशांत वाघरे, पूर्व विधायक डॉ. नामदेवराव उसेंडी, विधानसभा संयोजक प्रमोद पिपरे, भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूराव कोहले, जिला महासचिव गोविंद सारडा, प्रकाश गेडाम, जिला महासचिव एवं पूर्व मेयर योगिता पिपरे भाजपा महिला अध्यक्ष गीता हिंगे, सतीश चिंचघरे और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# घरकुल चयन सूची में गड़बड़ी, ग्रामसेवक निलंबित

**> उपसरपंच सागर देउरकर की विभागीय जांच की मांग**

**> जरूरतमंद हितग्राहियों को सूची से बाहर कर सूची में हेराफेरी**

**> ग्रामसेवक शैलेश सहारे को कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप**

**> कई लाभार्थी आश्रय से वंचित**

**मुल.** जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि ग्राम सेवक शैलेश सहारे ने पंचायत समिति, ग्राम पंचायत नांदगांव में कार्य करते हुए घरकुल लाभार्थी चयन सूची



तैयार करने में अनियमितता की. इसलिए, जिला परिषद, चंद्रपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विवेक जॉनसन ने ग्राम सेवक शैलेश रामचन्द्र सहारे को सोमवार 25 नवंबर से निलंबित कर दिया है क्योंकि वह महाराष्ट्र जिला परिषद, जिला सेवा (अनुशासन और अपील) नियम 6 के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पात्र हैं. राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील ग्राम पंचायत नांदगांव में कार्यरत ग्राम सेवक शैलेश रामचन्द्र सहारे ने घरकुल के जरूरतमंद हितग्राहियों को सूची से बाहर कर सूची में हेराफेरी कर घरकुल के जरूरतमंद हितग्राहियों को वंचित करने का प्रयास किया. जैसे ही ग्राम पंचायत उप-सरपंच सागर देउरकर और अन्य सदस्यों को इस बारे में पता चला, उन्होंने समूह विकास अधिकारी मूल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रपुर के पास शिकायत दर्ज की.

इस संबंध में एक जांच समिति नियुक्त की गई थी.। जांच के बाद ग्राम सेवक शैलेश रामचन्द्र सहारे को कर्तव्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया और आदेश क्रमांक 12 के तहत निलंबित कर दिया गया है। आदेश जारी किया गया है कि निलंबन अवधि में उनकी नियुक्ति मुख्यालय पंचायत समिति राजुरा में तय की जा रही है. पात्र आश्रय लाभार्थियों के बाहर होने के कारण कई लाभार्थी आश्रय से वंचित रह गए। इसलिए ग्राम सेवक को लेकर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की है और उन्हें सेवा में शामिल नहीं किया जाना चाहिए. ग्राम पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अगर उसे सेवा में रखा गया तो आदत में डूबा यह व्यक्ति कई गरीबों के घरों में इसी तरह गंदगी फैलाएगा। घरकुल चयन सूची में गड़बड़ी हुई है। इसके चलते ग्राम सेवक शैलेश सहारे ने कई लोगों को उनकी गृहस्थी से वंचित करने का प्रयास किया। इसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की गई। इस संबंध में नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के बाद मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रपुर को निलंबित कर दिया गया है। नांदगांव के उपसरपंच सागर देउरकर ने मांग की है कि ऐसे ग्राम सेवक के खिलाफ विभागीय जांच की जानी चाहिए जो वास्तविक घरकुल लाभार्थियों को वंचित कर रहा है.

## वर्धा नदी के पास निर्माणाधीन पुल का हिस्सा गिरा

**> पुल हादसे में मजदूर घायल**

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर शहर समिपस्थ वर्धा नदी पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा है. पिलर का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी पुल का पिलर ढह गया. इस हादसे में कुछ कर्मचारी घायल हो गए हैं. खबर है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

आरोप लगाया जा रहा है कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे इस पुल का पिलर के टूट-फूटने के कारण घटिया दर्जे का काम चल रहा है. नागरिकों की सुविधा के लिए वर्धा नदी पर पुल का निर्माण किया जा रहा है. करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे इस पुल से दोनों राज्यों के बीच आवागमन सुगम होगा. लेकिन, निर्माण जल्दबाजी में किए जाने का नागरिकों का कहना है. इसकी जांच कर कार्यवाही करने की मांग नागरिकों



ने नवनिर्वाचित विधायक देवराव भोंगले के पास की है. इस बारे में जीआर इंफ्रा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका.

**जांच कर कार्रवाई करेंगे.**

इस घटना के बारे में राजुरा थानेदार योगेश्वर पारधी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस घटना के संबंध में जांच की जाएगी. थानेदार योगेश्वर पारधी ने कहा कि निर्माण कंपनी ने सुरक्षा की दृष्टि से क्या कदम उठाए हैं, इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी.



## स्थानीय अपराध शाखा ने किया आरोपी से देशी कट्टा जब्त

**चंद्रपुर.**

लोकसभा चुनाव अब विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चंद्रपुर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार और उनकी टीम ने पूरा जिला खंगालकर अपराधियोंके खिलाफ कड़ी कारवाई कर सैकड़ों अपराधियों को कानून के हवाले करते हुए कड़ी कारवाई कर अपराधियों के काले कारनामे उजागर किए. जिसके चलते कानून का डर अपराधियों को सता रहा है.

25 नवंबर को स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार को गुप्त सूचना के आधार पर चंद्रपुर के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत गश्त के दौरान आरोपी नरेश भिक्षपति तुरपाटी उम्र 25 रहनेवाला यादगिरी, जिला नलगोंडा, तेलंगाना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर संदेह की स्थिति में नरेंद्र नगर, जैन लेआउट बायपास रोड, चंद्रपुर में आरोपी नरेश के घर की तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा और चाकू जब्त कर आरोपी नरेश को पुलिस हिरासत में लिया गया. भारतीय हत्या अधिनियम की धारा 3,25, ऐप नंबर 1118/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए पोस्टे रामनगर की हिरासत में सौंप दिया गया।

स्थानीय अपराध शाखा की कारवाई में मधुकर समलवार, दीपक डोंगरे, संतोष येलपुलवार, गोपाल आठ्कुलवार, गोपीनाथ नरोटे ने मुख्य भूमिका निभाई.



## विधायक जोरगेवार का उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने किया सत्कार

**चंद्रपुर.** विधायक किशोर जोरगेवार ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में भारी मतों के अंतर से निर्वाचित होकर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के लिए चंद्रपुर का गढ़ जीत लिया है. सोमवार को उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मुंबई स्थित सरकारी आवास पर विधायक किशोर जोरगेवार का शाल ओढ़कर स्वागत और सत्कार किया.

हाल ही में आए विधानसभा नतीजों में महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है. विधायक किशोर जोरगेवार ने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार प्रवीण पडवेकर को 22,000 से अधिक वोटों से हराया है. विधायक जोरगेवार लगातार दूसरी बार चंद्रपुर विधानसभा के विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे हैं. पिछले चुनाव में विधायक किशोर जोरगेवार ने भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाजपा उम्मीदवार को हराया था. इस साल उन्होंने बीजेपी के चिन्ह पर चुनाव लड़कर बड़ी जीत दर्ज की. इसलिए, चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ताकत फिर से बढ़ गई है.

दौरान, सोमवार को मुंबई में उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सरकारी आवास पर विधायक जोरगेवार को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया. इस अवसर पर बोलते हुए विधायक जोरगेवार ने कहा, ''पार्टी ने जो विश्वास दिखाया है, हम उसे कहीं भी टूटने नहीं देंगे.

# आज भव्य संविधान सम्मान रैली

**> डॉ. आम्बेडकर शतकोत्तर जयंती महोत्सव समिति का आयोजन**

**> पत्रपरिषद में समिति अध्यक्ष निर्मला नगराले ने दी जानकारी**

**चंद्रपुर.**

संविधान दिवस के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष समता सैनिक दल, भारतीय बौद्ध महासभा, रिपब्लिकन पार्टी, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर शताब्दी जयंती महोत्सव समिति चंद्रपुर एवं चंद्रपुर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, कर्मचारी संगठन एवं विभिन्न बुद्ध विहार समिति महिला मंडल चंद्रपुर में स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों द्वारा 26 नवंबर 2024 को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पूर्णाकृती पूतला परिसर में संविधान सम्मान दिवस के अवसर पर एक भव्य संविधान सम्मान रैली, प्रबोधन सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किए जाने




की जानकारी डा. बाबासाहेब आम्बेडकर शतकोत्तर जयंती महोत्सव समिति की अध्यक्षा निर्मला नगराले ने पत्रपरीषद में दी.

उन्होने बताया कि, संविधान सन्मान रैली का उद्घाटन मंगलवार की दोपहर 12 बजे जिलाधिश विनय गौडा जी.सी. के हाथों किया जायेगा. इस समय एसपी मुम्मक्का सुदर्शन, जिप सीईओ विवेक जॉनसन, अपर पुलिस अधिक्षक रीना जनबंधु, मनपा आयुक्त विपिन पालीवाल, मुख्य आयोजक प्रवीण हेमचंद्र खोबरागड़े, एसडीपीओ सुधाकर यादव, शासकिय वैद्यकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता मिलिंद कांबले, महावितरण अधिक्षक अभीयंता संध्या चिवंडे, शहर पुलिस स्टेशन पीआई प्रभावती एकुरके, डा. बंडू रामटेके, डॉ. विवेक बाम्बोले, डॉ. विनोद नगराले, डॉ. प्रवीण डोंगरे, डॉ. स्वप्निल पुणेकर, डॉ. राहुल नगराले, डॉ. प्रशिक वाघमारे की मुख्य उपस्थिति रहेगी. रैली डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर पूतला परीसर से बैरिस्टर राजाभाऊ खोबरागड़े चौक, जटपुरा गेट, गिरनार चौक, गांधी चौक होते हुए डॉ. बाबासाहेब आंम्बेडकर प्रतिमा परिसर में समाप्त होगी.

दोपहर 2 बजे विशाल प्रबोधन सभा में अध्यक्षस्थान पर निर्मला नगराले तो मुख्य वक्ता सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के अधिवक्ता एड. अमित कटारनवरे, मुंबई उच्च न्यायालय की एड. पूजा डोंगरे, कवी प्रबोधनकार दंगलकर चंदनशिवे उपस्थित रहेंगे. शाम 6 बजे जागर संविधान का प्रबोधनात्मक अश्विनी रोशन और टिम का कार्यक्रम पेश करेंगे. इस कार्यक्रम सफलतार्थ एड. राजस खोब्रागडे, महादेव कांबले, दिलीप डांगे, शंकर वेल्हेकर, कैलाश बाम्बोलकर, पंचफुला वेल्हेकर, प्रेरणा करमरकर, गीता रामटेके, ज्योति शिवनकर, केशव रामटेके, विजय करमरकर, यशवंत मुंजमकर, अनीता जोगे, अंजलि नीमगड़े, एड. योगिता रायपुरे, ज्योति सहारे प्रयास कर रहे है.

संविधान सम्मान रैली रहेगी विशेष आकर्षण में संविधान सम्मान रथ, समता सैनिक दल, पथसंचालन आदिवासी रेला नृत्य, लेज़िम दस्ता, कुश्ती का प्रात्यक्षिक, महिला ड्रम ताशा और बैंड दस्ता, पंजाबी ढोल, विभीन्न वार्ड का संविधान रथ, नुक्कड़ नाटक से संविधान के प्रति जागरूक किया जाएगा ऐसी जानकारी दी गई.

पत्रपरिषद में अध्यक्षा निर्मला नगराले, महादेव कांबले, दिलीप डांगे, शंकर वेल्हेकर, राजस खोब्रागडे, प्रेमदास बोरकर, विजय करमरकर, प्रभुदास माऊलीकर, यशवंत कुंजमकर, पंचफुला वेल्हेकर उपस्थित थे।

# ऐश्वर्या ने निम्रत को सुनाई खरी-खोटी?

कुछ लोग ऐश्वर्या-अभिषेक के रिश्ते के पीछे पड़े हुए हैं. लगातार लोग कपल को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं. इतना ही नहीं कुछ लोग तो लगातार दोनों के रिश्तों पर मनगढ़ंत और झूठी कहानियां बना रहे हैं. लोगों ने तो अभिषेक का नाम उनकी को-स्टार निम्रत कौर तक से जोड़ लिया.इसी बीच सोशल मीडिया यूजर्स ने अब जो किया है, उसे देख तो यकीनन बच्चन परिवार ही नहीं बल्कि गुस्से से आपका भी दिमाग घूम जाएगा.





हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें ऐश्वर्या राय वीडियो कॉल पर निम्रत कौर से बात करती नजर आ रही हैं.इस वीडियो को लेकर कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या-निम्रत से बातचीत के दौरान उनपर उनके पति को छीनने का आरोप लगाती नजर आ रही हैं. अब ये वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग तेजी से वायरल हो रहा है. जिसे देख लोग शॉक्ड हो रहे हैं.

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें ऐश्वर्या राय वीडियो कॉल पर निम्रत कौर से बात करती नजर आ रही हैं.इस वीडियो को लेकर कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या-निम्रत से बातचीत के दौरान उनपर उनके पति को छीनने का आरोप लगाती नजर आ रही हैं. अब ये वीडियो कॉल की रिकॉर्डिंग तेजी से वायरल हो रहा है. जिसे देख लोग शॉक्ड हो रहे हैं.

लेकिन आपको बता दें कि निम्रत और ऐश्वर्या का ये वीडियो कॉल वाला वीडियो बिल्कुल फेक है. किसी ने ये शरारत की है और वीडियो को एडिट करके इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया है. इस वीडियो की पड़ताल की तो पता चला कि ये फेक है. वहीं जब लोगों को इस वीडियो की सच्चाई पता लगी तो अब वो इस वीडियो पर जमकर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए नजर आ रहे हैं.

# ऑनस्क्रीन मां-बेटे, रियल लाइफ में एक-दूजे को दे बैठे दिल



हाल ही में श्वेता तिवारी और विशाल आदित्य सिंह की मार्फ्ड शादी की तस्वीरें काफी ज्यादा वायरल हो रही है. इन तस्वीरों के सामने आने के बाद से लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया, हालांकि, बाद में इस पर रिएक्शन देते हुए विशाल ने इन तस्वीरों को गलत बताया. श्वेता तिवारी ने 'बेगूसराय' में विशाल की मां का किरदार निभाया था. वैसे तो इन दोनों के साथ होने की खबरें गलत निकली, लेकिन इंडस्ट्री में कुछ ऐसे स्टार्स भी रहे हैं, जिनका नाम मां-बेटे के किरदार के बाद साथ जोड़ा गया है. इस लिस्ट में पहला नाम हैं साल 2009 में आए सीरियल मन की आवाज-प्रतिज्ञा की स्टार मोनिका सिंह का. मोनिका इस शो में अंकित गेरा की मां के किरदार में नजर आई थीं. हालांकि, शो के दौरान ही दोनों के डेटिंग की खबरें सामने आने लगी थी. लोगों का मानना था कि ये रिश्ता शादी तक पहुंचेगा, लेकिन अंकित ने घरवालों की वजह से ये रिश्ता खत्म कर दिया.

### नरगिस-सुनील दत्त

नरगिस और सुनील दत्त हिन्दी सिनेमा का बड़ा नाम हैं. इन दोनों का भी नाम इस लिस्ट में शामिल है, क्योंकि फिल्म मदर इंडिया में नरगिस ने सुनील की मां का किरदार निभाया था. ये फिल्म साल 1957 में आई थी, शूटिंग के दौरान ही दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया. 1958 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए.

### अनुष्का शेट्टी-प्रभास

साल 2015 में आई फिल्म बाहुबली के बाद से ही साउथ एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी और प्रभास की डेटिंग की खबरें सामने आने लगी थी. इस फिल्म में अनुष्का ने प्रभास की मां का रोल किया है. हालांकि, रिश्ते का बात करें तो दोनों ने हमेशा इससे इनकार किया है और एक-दूसरे को अच्छा दोस्त बताया है.

### किश्वर मर्चेंट-सुयश राय

किश्वर मर्चेंट और सुयश राय इंडस्ट्री के बेहतरीन कपल के तौर पर जाने जाते हैं. दोनों की पहली मुलाकात 'प्यार की ये एक कहानी' के सेट पर हुई थी. यह शो साल 2010 में आया था, इसी के सेट पर दोनों की पहली बार मुलाकात हुई थी. बाद में साल 2016 में दोनों ने शादी कर ली.

### रेहाना पंडित-जीशान खान

कुमकुम भाग्य फेम रेहाना पंडित जीशान खान के साथ रिलेशनशिप में हैं, दोनों की मुलाकात कुमकुम भाग्य के सेट पर हुई थी. इस सीरियल में रेहाना, जीशान की मां के किरदार में थी. साल 2021 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल तौर पर एक्सेप्ट कर लिया.

# ज्यादा नहीं कमा पाई विक्रांत मैसी की फिल्म

विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को रिलीज हुए 10 दिन हो चुके हैं. फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले हैं मगर कमाई के मामले में ये फिल्म बहुत पीछे चल रही है. द साबरमती रिपोर्ट ने 10 दिन में 25 करोड़ का कलेक्शन भी नहीं किया है. अगर फिल्म का ऐसा ही हाल रहा तो इसके लिए टिके रहना बहुत ही मुश्किल होने वाला है. फिल्म का दसवें दिन का कलेक्शन सामने आ गया है. जो ज्यादा खास नहीं है. फिल्म ने वीकेंड पर थोड़ी अच्छी कमाई की है. वीक डे में तो इसका बुरा हाल हो गया है. आइए आपको




फिल्म के 10वें दिन के कलेक्शन के बारे में बताते हैं.

ये फिल्म गोधरा कांड पर बनी है. इस फिल्म को मीडिया के नजरिए से दिखाया गया है. फिल्म को काफी अच्छे रिव्यू मिले हैं. इतना ही नहीं इसे कई राज्यों में टैक्स फ्री भी कर दिया गया है.

बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने 10वें दिन 3.89 करोड़ का कलेक्शन किया है. ये अब तक का इस फिल्म का सबसे ज्यादा कलेक्शन है. जिसके बाद टोटल कलेक्शन 23.46 करोड़ हो गया है.फिल्म की कमाई में दूसरे हफ्ते काफी इजाफा हुआ है. आठवें दिन फिल्म ने 1.86 करोड़, नौवें दिन 3.18 करोड़ का कलेक्शन किया था. अब फिल्म 25 करोड़ की कमाई करने के लिए भी स्ट्रगल कर रही है.

# 'कांतारा 2' की स्टारकास्ट से भरी बस पलटी

साल 2025 में कई मेगा बजट फिल्में रिलीज होने वाली हैं. इसमें ऋषभ शेट्ट की 'कांतारा: चैप्टर 1' शामिल है. इसके पहले पार्ट को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था. ऐसे में फैन्स फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म की तैयारियां चल रही हैं. इसी बीच पिक्चर के सेट से बुरी खबर आ गई है. फिल्म के सितारों से भरी एक मिनी बस पलट गई.20 जूनियर आर्टिस्ट को लेकर जा रही बस का एक्सीडेंट हो गया है. रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर के कंट्रोल खोने के चलते यह हादसा हुआ है. यह एक्सीडेंट कर्नाटक (कोल्लूर) के जड़खाल के पास हुआ है.





'कांतारा चैप्टर 1' की स्टारकास्ट को ले जा रही यह बस पलट गई. हादसे में 6 जूनियर आर्टिस्ट गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. एक्सीडेंट के तुरंत बाद उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है.दरअसल यह घटना उस वक्त हुई, जब 'कांतारा चैप्टर 1' की टीम मुदूर में शूटिंग के बाद कोल्लूर लौट रही थी. इस बस में 20 जूनियर आर्टिस्ट थे, जिनमें से 6 लोगों को ज्यादा चोट आई है.

इस एक्सीडेंट के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' की शूटिंग को रोक दिया गया है. दरअसल इसके चलते फिल्म के काम पर भी असर पड़ा है, जो फिलहाल अलग-अलग कोस्टल लोकेशन पर चल रहा था. घायलों की हालत चिंताजनक बनी है. ज्यादा कोई अपडेट किसी की हेल्थ को लेकर नहीं मिल पाया है. पर सबका जड़खाल महालक्ष्मी क्लिनिक में इलाज चल रहा है.

एक हफ्ते पहले ऋषभ शेट्टी ने सोशल मीडिया पर पुराने पोस्टर के साथ रिलीज डेट का ऐलान किया था. पिक्चर 2 अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में आएगी. इसे अलग-अलग भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. इसमें- मलयालम, हिंदी, कन्नड़, तेलुगु और तमिल भाषा शामिल है. इस पार्ट को कांतारा का प्रीक्वल कहा जा कहा है. कहानी को लेकर कुछ खास पता नहीं लगा है. लेकिन इस बार पहले पार्ट के आगे नहीं बल्कि पीछे की कहानी दिखाई जाने वाली है. फिलहाल फिल्म का तीसरा शेड्यूल चल रहा है. जल्द ही मेकर्स इसे भी कंप्लीट करने वाले हैं. फिल्म का आधे से ज्यादा शूट कंप्लीट हो चुका है.

## 'ओपेनहाइमर' फेम मर्फी ने खरीदा 105 साल पुराना सिनेमा

पीकी ब्लाइंडर्स,ओपेनहाइमर स्टार किलियन मर्फी और उनकी पत्नी यवोन मैकगिलिस ने हाल ही में एक थिएटर खरीदा है. ये थिएटर ऑस्कर विनर एक्टर के लिए बहुत खास है. ये थिएटर साउथ वेस्ट आयरलैंड के डिंगल, काउंटी केरी में मौजूद है. इस थिएटर का नाम फीनिक्स सिनेमा है, जो कि 100 साल से भी ज्यादा पुराना है. साल 2025 में ये कपल फीनिक्स सिनेमा को रिनोवेट करवाएगा. थिएटर के अलावा इस सिनेमा हॉल को डांस हॉल के तौर पर भी जाना जाता है.

फीनिक्स सिनेमा काउंटी केरी का एक मात्र थिएटर है, ये हॉल एक्टर के खरीदने से तीन साल पहले तक इस्तेमाल में लिया जाता था. किलियन ने इस हॉल के बारे में बात करते हुए बताया कि जब वो छोटे थे तो, वो अपने पिता के साथ गर्मियों की छुट्टियों में इस हॉल में फिल्म देखने आया करते थे. इतना ही नहीं उन्होंने ये भी बताया कि ये हॉल इतना पुराना है कि जब उनके पिता यंग एज में थे तो वो भी वहीं पिक्चर देखने जाते थे.

किलियन ने थिएटर की खासियत बताते हुए कहा कि उनके पिता के बाद उन्होंने भी इस हॉल में अपने बच्चों के साथ फिल्म देखी है. उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि डिंगल के लिए सिनेमा का क्या मतलब है. फीनिक्स 105 साल पुराना है.

# निक संग रोमांटिक हुईं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट्स सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने पति निक जोनस संग रोमांटिक होते हुए एक क्यूट का वीडियो शेयर किया है. एक्ट्रेस ने अपने वीकेंड गेटवे की झलक फैंस के साथ शेयर की है.



वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रियंका खुद से क्लिप शूट कर रही हैं और निक जोनस उनके कंधे पर सिर रखकर खड़े हैं. निक को देखकर प्रियंका हंसने लगती हैं. दोनों साथ में बहुत क्यूट लग रहे हैं. दोनों ने कैप पहनी हुई है. प्रियंका ने हाईनेक के साथ ओवरकोट पहना है. साथ ही चश्मे भी लगाए हुए हैं. उन्होंने अपने इस लुक को बेहद सिंपल रखा है. उनका ये नो मेकअप लुक वायरल है.वहीं दूसरी फोटो में निक और मालती मैरी को एक साथ देखा जा सकता है. दोनों लड़की के साथ खेलते दिखे. मालती मैरी भी ब्लैक जैकेट व्हाइट पैंट और ब्लैक कैप में दिखीं. बता दें कि पिछले कुछ समय से प्रियंका अपनी बेटी का चेहरा नहीं दिखा रही हैं. इस बार भी उन्होंने चेहरा नहीं दिखाया है. प्रियंका की ये फैमिली आउटिंग बहुत रिलैक्सिंग है.

# दुबई में अरबी बोलूंगा, दिल्ली में नमस्ते करूंगा...



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पुष्पा: द रूल' के रिलीज होने में काफी कम दिन बचा है और इसी दौरान इसके प्रमोशन में पूरी टीम जोरों-शोरो से लग गई है. कुछ दिन पहले बिहार में 'पुष्पा 2' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान फिल्म की एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने वहां के लोगों को भोजपुरी बोलकर इंप्रेस किया था. वहीं अब चेन्नई में हुए इवेंट में अपनी भाषा के चलते अल्लू अर्जुन ने लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है.

हाल ही में 'पुष्पा 2' का एक इवेंट चेन्नई में ऑर्गेनाइज किया गया, जहां उनके फिल्म का दूसरा गाना किसिक लॉन्च किया गया. इस दौरान एक्टर ने काफी रुकावटों के बावजूद भी स्टेज पर तमिल में ही बात की. चेन्नई में अल्लू अर्जुन ने 20 साल बिताया है, उनका पढ़ाई-लिखाई यहीं से हुई है. जब एक्टर ने स्टेज पर तमिल में बात की तो, उनके एक फैन ने उन्हें टोक दिया. इस पर बोलते हुए चेन्नई के सम्मान की बात की.पुष्पा स्टार ने तमिल बोलने पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी को यहां पर तमिल भाषा में बात करनी होगी, क्योंकि जिस जमीन पर खड़े हैं और उसे सम्मान देते हैं, ये भी ठीक वैसा ही सम्मान है. अगर आप कोशिश करके बोल पा रहे हैं, तो आपको भाषा बोलनी चाहिए. आगे एक्टर ने कहा, "अगर मैं दुबई में हूं, तो मैं अरबी में बोलूंगा, अगर मैं दिल्ली में हूं, तो मैं नमस्ते कहूंगा.

# टीम इंडिया ने फाइनल की ओर बढ़ाया कदम

- ऑस्ट्रेलिया को मिली पहली हार




पर्थ. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया की एकतरफा हार से होगी, यह बहुत कम लोगों ने सोचा होगा. पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच को टीम इंडिया ने 295 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया है. इस जीत ने भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल की रेस में फिर से टॉप पर पहुंचा दिया है. दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर खिसक गई है.पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया की जीत में कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया.पहली पारी में फाइबर (5 विकेट) लेने के अलावा उन्होंने दूसरी पारी में भी 3 विकेट चटकाए. दूसरी पारी में जब ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड क्रीज पर जम चुके थे, तब बुमराह ही थे जिन्होंने हेड को आउट किया. यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली की शतकीय पारियों ने साबित किया कि भारतीय बल्लेबाज किसी भी परिस्थिति में अच्छा करने में सक्षम हैं.

भारत अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की टेबल में टॉप पर आ गया है. भारतीय टीम का 15 मैचों में 9 जीत के बाद अब पॉइंट्स प्रतिशत 61.11 हो गया है. दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया का पॉइंट्स प्रतिशत अब गिरकर 57.69 हो गया है. पहला टेस्ट जीतने के बाद ऐसा नहीं है कि भारत की फाइनल की राह आसान हो गई है. यदि टीम इंडिया बिना किसी पर निर्भर रहते फाइनल में जाना चाहती है तो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 या उससे अधिक जीत दर्ज करनी होंगी. अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का क्लीन स्वीप कर देती है तो उसका पॉइंट्स प्रतिशत अधिकतम 69.29 तक जा सकता है. बताते चलें कि फाइनल की रेस में श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड भी पीछे नहीं हैं. श्रीलंका अभी 55.56 पॉइंट्स प्रतिशत के साथ तीसरे, वहीं चौथे और पांचवें नंबर पर विराजमान न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का पॉइंट्स प्रतिशत क्रमशः 54.55 और 54.17 है.

**भारत ने हराए 5 मैच**

ऑस्ट्रेलिया पिछले 6 सालों में घरेलू मैदान पर केवल 6 टेस्ट मैच हारा है। इसमें से 5 मैच तो सिर्फ भारतीय टीम ने ही हराए हैं। इतना ही नहीं भारतीय टीम अब 21वीं सेंचुरी में ऑस्ट्रेलिया में दूसरे सबसे ज्यादा रनों के अंतर से जीतनेवाली मेहमान टीम बन गई है।

**मुकाबले का हाल**

मुकाबले की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी में 150 रन पर सिमट गई थी। हालांकि, इसके बाद भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन ने कंगारू टीम को 104 रन पर समेट दिया। कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सबसे सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली के शतक की बदौलत भारत ने दूसरी पारी 487-6 के स्कोर पर घोषित कर दी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान कंगारू टीम को 238 रन पर ढेर कर दिया।




अध्यक्ष डॉ. विंकी राघवानी, महासचिव नीरज बाकरू,अंशु मंधाना, डॉ. मंच पर उपेन्द्र वर्मा, स्कूल प्राचार्य सुनीता बजाज,विधानी, पखाने, ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## इटली लगातार दूसरे साल फाइनल में

**नई दिल्ली.**

विश्व नंबर एक पुरुष एकल टेनिस खिलाड़ी जेनिक सिनर ने अपनी लय कायम रखते हुए इटली को डेविस कप के फाइनल में जगह दिला दी। मौजूदा चैंपियन इटली ने मलागा सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हरा दिया। शीर्ष वरीय और दो बार के ग्रैंड स्लेम विजेता सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर टीम को एकतरफा अंदाज में जीत दिला दी। इससे पहले मातेओ बेरेटिनी ने थनासी कोक्किनाकिस को 6-7, 6-3, 7-5 से हराकर विजयी शुरुआत की थी। अब फाइनल में इटली का सामना नीदरलैंड्स से होगा। इससे पहले इटली की महिला टेनिस टीम ने बिली जीन किंग कप खिताब जीता था।

# पाकिस्तान का घमंड टूटा

## जिम्बाब्वे ने बुरी तरह से पीटा




**नयी दिल्ली.**

वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में वनडे सीरीज 2-1 से हराने वाली पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बॉब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कोर बोर्ड पर 205 रन टांगे थे। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने महज 50 रन के भीतर ही 5 विकेट खो दिए। पाकिस्तान का स्कोर 60/6 था कि तभी तेज बारिश के चलते मैच रोकना पड़ा। बारिश के चलते इसके बाद मैच नहीं शुरू ओ सका तो डकवर्थ लुईस नियम के तहत जिम्बाब्वे को 80 रन से जीता घोषित किया गया। इस तरह जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। जिम्बाब्वे के 206 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को बेहद ही खराब शुरुआत मिली। पाक ने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। बारिश के चलते खेल रोके जाने तक पाकिस्तान ने 21 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 60 रन बना लिए थे। इसके बाद मैच का नतीजा डकवर्थ लुईस नियम से घोषित किया गया।

पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान ने 19, कामरान गुलाम ने 17 तो साईम अयूब ने 11 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सका। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा, शॉन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजाराबानी ने दो-दो विकेट लिए। सिकंदर रजा को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम की तरफ से रिचर्ड एन्गारावा ने 48, सिकंदर रजा ने 39, तड़िवनाशे मारुमानी ने 29, शॉन विलियम्स ने 23 और ब्रायन बेनेट ने 20 रन बनाए। वहीं, पाकिस्तान की ओर से आगा अली सलमान और फैसल अकरम ने तीन-तीन तो आमेर जमाल, मोहम्मद हसनैन और हारिस रउफ ने एक-एक विकेट लिया।

# कई सितारे लेंगे सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा

**लखनऊ**




.विश्व चैंपियन और ओलंपियन पीवी सिंधु, एशियन जूनियर चैंपियन लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी समेत 20 देशों के 256 खिलाड़ी 26 नवंबर से यहां शुरू होने वाली सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में आकर्षण का केंद्र होंगे। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो लाख 10 हजार अमेरिकी डालर ईनामी राशि वाली चैंपियनशिप के मुकाबले 26 नवंबर से एक दिसंबर 2024 गोमती नगर स्थित योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जाएंगे।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.नवनीत सहगल ने बताया कि चैंपियनशिप में 26 नवंबर को क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रा के मुकाबले 27 नवंबर से शुरू होंगे। फाइनल मुकाबला एक दिसंबर को खेला जाएगा। चैंपियनशिप में मुख्य ड्रा 32-32 का होगा। इसमें 28 खिलाड़ियों को सीधे इंट्री मिलेगी जबकि जिसमें चार खिलाड़ी क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश करेंगे।

## आज से शुरु होगी सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**भिवानी.**

14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा टीम का चयन किया गया है, जिसमें भिवानी जिले की हॉकी खिलाड़ी महिमा का चयन हुआ है। कोच नीरज ने बताया कि 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक सिकंदराबाद में सब जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले की बेटी महिमा व तनवी हिस्सा ले रही हैं। चैंपियनशिप में खिलाड़ी महिमा हरियाणा की टीम से और खिलाड़ी तनवी मध्यप्रदेश टीम की तरफ से खेलेंगी। उन्होंने कहा कि हॉकी खिलाड़ी महिमा व तनवी को बेहतर खेल प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया गया है। खिलाड़ी महिमा व तनवी जिले के गांव बापोड़ा की रहने वाली हैं।

# अडानी मैराथन में 20 हजार से अधिक धावकों ने लिया भाग

**अहमदाबाद.**



सशस्त्र बलों को समर्पित अडानी अहमदाबाद मैराथन के 8वें संस्करण में रविवार को 20 हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया।सशस्त्र बलों को समर्पित एक वार्षिक रेस के रूप में ख्याति बना चुकी अडानी अहमदाबाद मैराथन में विशेष 'रनफोर सोलजर' अभियान केंद्र में है एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस द्वारा मान्यता प्राप्त मैराथन को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी (एवीएसएम वीएम), मेजर जनरल गौरव बग्गा, ग्रैंडमास्टर और शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर प्रज्ञानंदधा, भारत की पूर्व महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज, अभिनेता और एथलीट सैयामी खेर और एशियाई मैराथन चैंपियन डॉ सुनीता गोदारा ने सुरम्य साबरमती रिवरफ्रंट में झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टार्टिंग लाइन पर अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी और अडानी स्पोर्ट्सलाइन के सीबीओ संजय अडेसरा भी मौजूद थे। 20 हजार से अधिक धावकों ने सर्दियों के सप्ताहांत की सुबह में शहर को जीवंत कर दिया। इन सबने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और गांधी आश्रम, अटल ब्रिज और एलिस ब्रिज जैसे स्थानों को कवर करते हुए एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाया।4

## राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले

**हरियाणा.**

शहर के सेक्टर 2 स्थित लेफ्टिनेंट महीपत सिंह कॉलेज में चल रही हरियाणा राज्य प्रतियोगिता में रविवार को हैवीवेट समेत अन्य कुश्ती मुकाबले हुए। महिला वर्ग के मुकाबले भी आकर्षक रहे। खरखौदा के विधायक पवन कुमार ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरुआत कराई। इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक पहलवान पहुंचे। एसोसिएशन महासचिव राकेश कोच ने अतिथियों का फूलमालाओं और पगड़ी से सम्मान किया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि हरियाणा पहलवानों का प्रदेश है और सरकार खेल खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देती है। राकेश कोच ने बताया कि कुश्ती मुकाबले सुबह 10 बजे शुरू होकर देर रात तक जारी रहे।

# सीएसके से आरसीबी तक

## मेगा ऑक्शन के पहले दिन की सभी 10 टीमें

**दुबई.**



आईपीएल 2025 के पहले दिन की शुरुआत मार्की लिस्ट में शामिल 12 खिलाड़ियों से हुई. ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीद कर इतिहास रचा तो केएल राहुल बड़ी उम्मीदों के साथ नीलामी में उतरे, लेकिन उनपर 14 करोड़ की बोली लगी. जोश हेजलवुड आईपीएल में वापसी करेंगे, जिन्हें आरसीबी ने खरीदा है. ग्लेन मैक्सवेल, एडन मार्करम और मिचेल मार्श जैसे इंटरनेशनल स्टार बहुत सस्ते में बिके. नीलामी के पहले दिन मुंबई इंडियंस सबसे कम एक्टिव दिखी, जिसने केवल 2 खिलाड़ियों को खरीदा है. खूब सारे अनकैप्ड खिलाड़ियों पर पैसे की बरसात हुई. यहां जानिए मेगा ऑक्शन में पहले दिन लगी बोली और खरीदे गए सभी खिलाड़ियों के बाद 10 टीमों का स्क्वाड कैसा दिखता है.

**चेन्नई सुपर किंग्स**

आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन के पहले दिन खरीदे - डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, खलील अहमद, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर

रिटेन - एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, मथीशा पाथिराना, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**

खरीदे - लियाम लिविंगस्टोन, फिल साल्ट, जीतेश शर्मा, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, रसिख डार सलाम

रिटेन - विराट कोहली, यश दयाल, रजत पाटीदार

**मुंबई इंडियंस**

खरीदे - ट्रेंट बोल्ट, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा,

रिटेन - जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, तिलक वर्मा

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

खरीदे - वेंकटेश अय्यर, क्विंटन डी कॉक, रहमनुल्लाह गुरबाज, एनरिक नॉर्खिया, अंगकृष रघुवंशी, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे

रिटेन - रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, रमनदीप सिंह

**दिल्ली कैपिटल्स**

खरीदे - मिचेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जेक फ्रेजर मैकगर्क, टी नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा

रिटेन - अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स, कुलदीप यादव, अभिषेक पोरेल

**लखनऊ सुपर जायंट्स**

खरीदे - ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडन मार्करम, मिशेल मार्श, आवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल

रिटेन - निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, मोहसिन खान, आयुष बदोनी

**गुजरात जायंट्स**

खरीदे - जोस बटलर, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, मानव सुथार

रिटेन - राशिद खान, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान

**राजस्थान रॉयल्स**

खरीदे - जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा, आकाश मढवाल, कुमार कार्तिकेय

रिटेन - संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, संदीप शर्मा

**सनराइजर्स हैदराबाद**

खरीदे - हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी, ईशान किशन, राहुल चाहर, एडम जैम्पा, अथर्व तावडे, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह

रिटेन - पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी


**पंजाब किंग्स**

खरीदे - अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर, युजवेंद्र चहल, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, नेहाल वाढ़ेरा, हरप्रीत ब्रार, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर

रिटेन - शशांक सिंह, प्रभसिमरन सिंह

# मैक्स ने चौथी बार जीती वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप

**नई दिल्ली.**




रेड बुल के चालक मैक्स वर्स्टाप्पन ने लगातार चौथी बार फॉर्मूला वन ग्रांपी रेस में वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। वर्स्टाप्पन ने लास वेगास ग्रांप्री में पांचवां स्थान हासिल करने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल की। इस रेस में मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया। रेडबुल को लगातार चौथी बार चैंपियनशिप जिताने के लिए वर्स्टाप्पन को मैक्लॉरेन के लैंडो नॉरिस से आगे निकलने की जरूरत थी और नीदरलैंड्स के स्टार चालक ऐसा करने में सफल रहे। फॉर्मूला वन इतिहास में वर्स्टाप्पन छठे ऐसे ड्राइवर बन गए हैं, जिन्होंने लगातार चार उससे अधिक बार वर्ल्ड ड्राइवर्स चैंपियनशिप जीती है। इस सूची में वर्स्टाप्पन से आगे एलियन पार्स्ट, सबेस्टियन वेटेल, लुइस हेमिल्टन, माइकल शूमाकर और जुआन मेनुअल फांगियो हैं। शूमाकर और हेमिल्टन ने रिकॉर्ड सात-सात बार यह चैंपियनशिप जीती है।इस साल सिर्फ 8 रेस जीत पाए. 27 साल के वर्स्टाप्पन ने पिछले साल 19 रेस जीतकर धमाल मचाया था। इस सीजन भी उन्होंने शानदार शुरुआत की थी लेकिन जून के बाद वे उस लय को कायम नहीं रख पाए। उन्होंने अब तक आठ रेस जीती हैं, जो 2020 के बाद से उनकी एक सीजन में सबसे कम जीत है।

# हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार को दिल का दौरा पड़ा

**नई दिल्ली.**



पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी और महान मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक कुमार को सीने में तकलीफ के कारण नई दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उनके पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अब उनकी हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। उन्हें (अशोक कुमार को) कल (रविवार) शाम को सीने में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद उन्हें एस्कॉर्ट्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई। एंजियोग्राफी के नतीजों से पता चला कि कुछ रुकावटें थीं। डॉक्टर आज स्टेंट लगाएंगे।

उन्हें (अशोक कुमार को) रविवार शाम को सीने में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद उन्हें एस्कॉर्ट्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी एंजियोग्राफी की गई। एंजियोग्राफी के नतीजों से पता चला कि कुछ रुकावटें थीं। डॉक्टर आज स्टेंट लगाएंगे। उन्होंने कहा,"वह खतरे से बाहर है और उनकी हालत स्थिर है। पूर्व इनसाइड-राइट खिलाड़ी, जो अपनी गेंद पर नियंत्रण के लिए जाने जाते थे, अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में 1975 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। वह 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे।

1974 में उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 1975 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विजयी गोल करके भारत को विश्व कप में एकमात्र जीत दिलाई। कुमार को इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

उनकी अन्य उपलब्धियों में दो और विश्व कप पदक (1971 बार्सिलोना में कांस्य और 1973 एम्स्टर्डम में रजत) के अलावा तीन एशिया खेलों में रजत पदक (1970 बैंकॉक, 1974 तेहरान और 1978 बैंकॉक) शामिल हैं।

# नेपाल से वापस आए भारतीय सेना प्रमुख

> गोरखाओं की भर्ती पर बना सस्पेंस

**काठमांडु.**

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी नेपाल की पांच दिन की आधिकारिक यात्रा पूरी कर रविवार का स्वदेश लौट आए। इस दौरे का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना था। हालांकि, पिछले चार साल से रुकी हुई गोरखा सैनिकों की भर्ती को फिर से शुरू करने पर कोई स्पष्टता नहीं आई है। सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, "यह दौरा तय लक्ष्यों से आगे बढ़कर सफल रहा। इसने दोनों देशों की सेनाओं के बीच शांति, सुरक्षा और साझेदारी के प्रति साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

नेपाल दौरे पर जनरल द्विवेदी ने वहां के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, रक्षा मंत्री मणबीर राय और नेपाली सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात की। लेकिन गोरखा सैनिकों की भर्ती पर किसी आधिकारिक बयान या मीडिया रिपोर्ट में कोई चर्चा नहीं की गई। नेपाल के मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री ओली ने द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। यह दौरा ऐसे समय हुआ है जब भारत-नेपाल संबंधों में तनाव देखा जा रहा है और नेपाल में चीन की बढ़ती दिलचस्पी ने चिंताओं को बढ़ा दिया है।



### वर्तमान में यह अनुपात 60:40 है

स्वतंत्रता के समय गोरखा बटालियनों में 90 प्रतिशत सैनिक नेपाल के थे और शेष भारतीय थे। वर्तमान में यह अनुपात 60:40 है। स्थिति से निपटने के लिए सैन्य हलकों में चल रहे सुझावों में से एक यह था कि गोरखा बटालियनों की संख्या धीरे-धीरे कम की जाए और भारत के गोरखाओं की संख्या बढ़ाई जाए।

गोरखा सैनिकों की भर्ती 2020 में कोविड-19 महामारी और 2021 में लागू हुई अग्निवीर योजना के कारण रुकी हुई है। अग्निवीर योजना के तहत सैनिकों को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है, जिसमें से केवल 25 प्रतिशत को ही स्थायी सेवा में शामिल किया जाता है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल ने इस योजना पर आपत्ति जताई है और इसे 1947 के भारत-नेपाल-ब्रिटेन त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन बताया है। नेपाल ने चार साल की सेवा के बाद गोरखा सैनिकों की पुन: रोजगार योग्यता पर भी चिंता जताई है। फिलहाल, भारतीय सेना में लगभग 32,000 नेपाली गोरखा सैनिक कार्यरत हैं। 2020 के बाद से करीब 15,000 गोरखा सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन उनकी जगह नई भर्तियां नहीं हुईं। इससे पहले, नेपाल से सालाना भर्ती 1,500 से 1,800 के बीच होती थी।

भारतीय सेना की गोरखा ब्रिगेड में कुल 39 गोरखा राइफल्स (जीआर) बटालियन शामिल हैं जो सात पैदल सेना रेजिमेंट बनाती हैं - इनमें 1 जीआर, 3 जीआर, 4 जीआर, 5 जीआर 8 जीआर, 9 जीआर और 11 जीआर शामिल हैं। उनका इतिहास अप्रैल 1815 का है, जब 1 जीआर को तत्कालीन ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल आर्मी के हिस्से के रूप में स्थापित किया था। 11 जीआर स्वतंत्रता के बाद गठित एकमात्र रेजिमेंट है, जिसमें ब्रिटेन को आवंटित बटालियनों से गोरखा सैनिकों को शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने जाने का विकल्प नहीं चुना।

## अजनाला थाने के बाहर आईईडी मिलने से सनसनी

**चडीगढ़.** अमृतसर में अजनाला थाने के बाहर इम्प्रोवाइज एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया और बम निरोधक दस्ते ने मोर्चा संभाला। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद बम को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे सुरक्षित अपने साथ ले गया। पुलिस ने थाने के आसपास तलाशी शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि थाने के बाहर बम आखिर किसने और क्यों रखा है। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। खास बात ये है कि फरवरी 2023 में खालिस्तानी समर्थक और वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ साथी को छुड़ाने के लिए हमला किया था।

रविवार को आज सुबह 7 बजे जब थाने से एक कर्मी बाहर निकला तो उसकी नजर बाउल पर पड़ी, जिसे खाकी रंग की टेप लगाकर बंद किया हुआ था। बाउल के अंदर से कुछ तार बाहर निकले हुए थे। पुलिसकर्मी ने इसकी सूचना आला अधिकारियों को दी तो महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने विस्फोटक को रेत की बोरियों में भरकर ढ़क दिया और तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। जांच के बाद पता चला कि यह आईईडी बम ही है। बम निरोधक दस्ते ने बम को अपने कब्जे में ले लिया और उसे सुरक्षित अपने साथ ले गया। अभी तक की जांच में पता चला है कि रात के अंधेरे में यह बम यहां रखा गया था।

# अर्मेनिया की ताकत बढ़ाएगा पिनाका रॉकेट सिस्टम

**नई दिल्ली.**

भारत के पिनाका रॉकेट सिस्टम में दुनिया के कई देश अपनी रुचि दिखा रहे हैं। इन सबके बीच दो साल पहले इस सिस्टम के लिए भारत से डील करने वाले अर्मेनिया को इसकी आपूर्ति शुरू कर दी गई है। पिनाका रॉकेट सिस्टम के साथ भारत, अर्मेनिया को आकाश एयर डिफेन्स सिस्टम की भी आपूर्ति कर रहा है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर की पहली खेप अर्मेनिया पहुंच चुकी है। भारत की स्वदेशी तकनीक के आधार पर बना पिनाका रॉकेट लॉन्टर अत्याधिक घातक हथियार प्रणाली है। इसके रॉकेट 80 किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम हैं।



भारत के पिनाका सिस्टम में अर्मेनिया ही नहीं बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों और यूरोप के देशों ने भी अपनी दिलचस्पी दिखाई है। भारत के डीआरडीओ ने हाल ही में इसके कई और वेरियंट्स पर भी सफल परीक्षण किया है। भारत के इस दमदार रॉकेट सिस्टम का निर्माण नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीड की इकॉनोमिक एक्सप्लोसिल लिमिटेड और सरकारी स्वामित्व वाली इंडिया लिमिटेड करती है।

इस रॉकेट सिस्टम का नाम पिनाका रखने के पीछे भी एक महत्वपूर्ण कारण है। दरअसल, हिंदू धर्मग्रंथों में भगवान शिव के धनुष का नाम पिनाका है। उसी के आधार पर इसका नाम पिनाका रखा गया है। भारत के सीडीएस अनिल चौहान के फ्रांस दौरे के समय फ्रांस ने भी भारत के इस रॉकेट सिस्टम में अपनी रुचि दिखाई थी। भारत सरकार लगातार भारत से रक्षा उद्योग को बढ़ाने में अपनी रुचि दिखा रही है। पिछले कुछ सालों में भारत का रक्षा सामग्री निर्यात काफी बढ़ा है। भारत का रॉकेट सिस्टम और भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों की मांग दुनिया के कई देशों में बढ़ गई है।

# कई राज्यों में छाया घना कोहरा

> बारिश का अलर्ट भी जारी

**नई दिल्ली.**

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी के कारण पहले उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ी थी। अब मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। मध्य प्रदेश के पचमढ़ी, नर्मदापुरम और राजस्थान के माउंट आबू में तापमान 7 डिग्री से नीचे पहुंच चुका है। तीनों राज्यों के कई शहरों में पिछले 3 दिन से तापमान 10 डिग्री के नीचे दर्ज किया जा रहा है।

मौसम विभाग ने बताया कि तीन राज्यों के अलावा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में भी कोहरा छाया रहेगा। कोहरे के कारण बिहार के पुर्णिया में विजिबिलिटी घटकर 100 मीटर रह गई।रविवार को हिमाचल प्रदेश में सीजन की पहली बर्फबारी हुई।



मौसम विभाग ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में तेज बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। दक्षिण भारत के राज्यों में ठंड का असर उत्तर भारत और मध्य भारत के राज्यों से कम है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में आज से तेज बारिश का एक और दौर शुरू होगा, जो 27 नवंबर तक चल सकता है।

कोहरे का सीधा असर ट्रेनों पर देखने को मिल रहा है. कोहरे के चलते दिल्ली आने वाली कई ट्रेनों आज कई घंटों की देरी से चल रही हैं. कोहरे का असर दिसंबर से लेकर फरवरी तक सबसे ज्यादा देखने को मिलता है. जिससे इन तीन महीनों में ट्रेनों घंटों देरी से चलती हैं. इसके साथ ही कई ट्रेनों को रद्द भी करना पड़ता है.

## 40% से अधिक दिव्यांगता पर 4% आरक्षण

**नई दिल्ली.** केंद्र ने कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण और पदों की पहचान सुव्यवस्थित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ऐसे पदों की समय-समय पर पहचान और उनका मूल्यांकन करने के लिए समितियों का गठन अनिवार्य किया गया है। साथ ही दृष्टि बाधित, चलने-फिरने में अक्षम, श्रवण बाधित व बौद्धिक अक्षमता सहित विभिन्न श्रेणियों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में चार प्रतिशत आरक्षण का भी प्रविधान किया गया है।दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि यदि कोई पद दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त समझा जाता है तो उसके बाद के पदोन्नति वाले सभी पद भी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रहेंगे।यह कदम दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 के क्रियान्वयन में विसंगतियों को चिह्नित करने और पदों की पहचान में अनधिकृत कार्रवाई के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) जैसी संस्थाओं की आलोचना करने के बाद उठाया गया है।

## वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन

> पुलिस पर पथराव; सेना की गाड़ी पर भी हमला




**श्रीनगर.**

वैष्णो देवी मंदिर की ओर जाने वाले ट्रेक मार्ग पर प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ दुकानदारों और मजदूरों ने सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा बेस कैंप में कुछ प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरबाजी भी की। पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है और स्थिति को शांत करने के लिए बातचीत की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस दौरान सेना की गाड़ी पर भी हमला बोला गया।

'भारत माता की जय' के नारों के बीच, सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने कटरा शहर में मार्च निकाला और धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने पहले 72 घंटे की हड़ताल का आह्वान किया था, लेकिन रविवार देर रात इसे 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया। दुकानदारों, पोनी तथा पालकी मालिकों द्वारा की जा रही हड़ताल 22 नवंबर को शुरू हुई थी, जब श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 250 करोड़ रुपये की रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने की योजना की घोषणा की थी।

दुकानदारों और मजदूरों को डर है कि दो साल में पूरी होने वाली इस परियोजना से वे बेरोजगार हो जाएंगे। सोमवार के विरोध प्रदर्शन के दौरान, उस समय तनाव बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों के धरना देने के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक गाड़ी शहर से गुजरने का प्रयास कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए और उन्होंने गाड़ी पर हमला कर दिया तथा उसका शीशा तोड़ दिया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस के हस्तक्षेप से वाहन को पीछे हटाया गया, जिसके बाद झड़पें हुईं और इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंटें फेंकी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रियासी) परमवीर सिंह ने कहा, "कानून-व्यवस्था की स्थिति चुनौतीपूर्ण हो गई है और हम इसे संभालने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर रहे हैं।" प्रदर्शनकारी मांग कर रहे हैं कि परियोजना को बंद किया जाए या इससे प्रभावित होने वाले सभी लोगों को मुआवजा दिया जाए।

# संभल में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक

> हिंसा में 4 की मौत, 30 पुलिसकर्मी समेत कई घायल

**संभल.**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हिंसक विरोध प्रदर्शन हुआ. इसमें चार लोगों की मौत हो गई और 30 पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हुए हैं. पुलिस ने हिंसा से जुड़े 15 लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें से 3 महिलाएं भी हैं. बवाल के बाद प्रशासन ने एहतियातन कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं.

संभल में एक दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. आदेश के मुताबिक, जिले में बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि के प्रवेश पर लगाई रोक लगा दी गई है. प्रशासन ने अतिसंवेदनशील स्थिति को देखते हुए ये कदम उठाया है.

पुलिस के मुताबिक, हिंसा और पथराव के बाद हिरासत में लिए गए लोगों के घरों से हथियार बरामद हुए हैं. उपद्रवियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की जाएगी. हिंसा में चार युवकों की मौत हो गई है और पत्थरबाजी की घटना में 20 पुलिसकर्मी घायल हैं. जिले में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है और साथ ही सभी स्कूल बंद भी किए गए हैं. दो महिलाओं सहित 21 लोग हिरासत में लिए गए हैं.

सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की पहचान की जा रही है.

संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. दरअसल बीती रविवार सुबह संभल जिले में शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने पहुंची टीम पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया.



### संभल हिंसा पर राहुल ने किया पोस्ट

संभल हिंसा पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऐक्स पर लिखा कि संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाज़ी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी ज़िम्मेदारी भाजपा सरकार की है। भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के।

# संसदीय समिति 'लेटरल एंट्री' के मुद्दे की पड़ताल करेगी

**नई दिल्ली.**

सरकारी विभागों में प्रमुख पदों को भरने के लिए 'लेटरल एंट्री' के मुद्दे की एक संसदीय समिति द्वारा पड़ताल की जाएगी। इस साल की शुरुआत में इन पदों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं किए जाने को लेकर राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था। लोकसभा सचिवालय द्वारा सार्वजनिक किए गए विवरण के अनुसार, कार्मिक, लोक शिकायत, विधि और न्याय विभाग से संबंधित संसद की स्थायी समिति द्वारा 2024-25 में पड़ताल के लिए चुने गए विषयों में सिविल सेवाओं में 'लेटरल एंट्री' भी शामिल है।

इस वर्ष अगस्त में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 45 पदों के लिए विज्ञापन दिया था, जिन्हें अनुबंध के आधार पर 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भरा जाना था। इनमें से 10 संयुक्त सचिव और 35 निदेशक एवं उप सचिव के पद थे। इस विज्ञापन पर विपक्षी दलों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) और जनता दल (यूनाइटेड) जैसी सहयोगी पार्टियों ने भी विरोध जताया।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी (सपा) के अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं करने पर सरकार की नीति की आलोचना की थी।

इसके बाद सरकार ने यूपीएससी से अपना विज्ञापन रद्द करने को कहा। नौकरशाहों की भर्ती आमतौर पर सिविल सेवा परीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है, लेकिन 'लेटरल एंट्री' के जरिए सीमित अवधि के लिए सीधे भर्ती की जाती है।

'लेटरल एंट्री' के जरिये भर्ती में आमतौर पर किसी विशेष क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं। वर्तमान में इन नियुक्तियों पर कोई कोटा लागू नहीं है।

# युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए तेज होगा अभियान

> विश्व बैंक की रिपोर्ट के बाद केंद्र ने बनाया एक्शन प्लान

**नई दिल्ली.**

युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार भले ही पिछले दस सालों से स्किल इंडिया नाम से देश में एक बड़ा अभियान छेड़े हुए है, जिसमें युवाओं को बड़े पैमाने पर हुनरमंद बनाने के दावे भी है, लेकिन हकीकत यह है कि देश में जिस क्षेत्रों में युवाओं की मांग है,

उस क्षेत्र में उन्हें स्किल ही नहीं किया जा रहा है। ऐसे में हुनरमंद होने के बाद भी उन्हें काम नहीं मिल रहा है।

विश्व बैंक की ओर से मांग और स्किलिंग के बीच इस अंतर का खुलासा किए जाने के बाद शिक्षा और श्रम मंत्रालय अब स्किलिंग के पैटर्न में बड़े बदलाव की तैयारी में है, जिसमें प्रत्येक राज्य और जिले की जरूरत को देखकर वहां के युवाओं की स्किलिंग की जाएगी। 'नौकरी आपके द्वार' नाम से विश्व बैंक की ओर से जारी यह रिपोर्ट वैसे तो सरकार की पोल खोलने वाली है, लेकिन इसके बाद भी शिक्षा और श्रम मंत्रालय ने रिपोर्ट के आधार पर आगे बढ़ने के संकेत दिए है।



योजना के मुताबिक शुरूआत में इसे प्रत्येक जिले के कम से कम 30 प्रतिशत सेकेंडरी स्कूलों को लागू किया जाएगा। जहां उस क्षेत्र की मांग के जुड़े कम से कम दो क्षेत्रों में स्किलिंग कराई जा सके। बाद में इसे बढ़ाकर पांच क्षेत्रों तक भी विस्तार दिया जाएगा।

इसमें खाद्य उत्पादन, बागबानी, डेयरी, मत्स्य पालन,बैंकिंग-फाइनेंस, इंश्योरेंस, ब्यूटी, बागबानी, पर्यटन, हेल्थकेयर क्षेत्रों में आदि सर्वाधिक रोजगार की मांग है, जबकि इनमें से बागबानी, पर्यटन, हेल्थकेयर में ही स्किलिंग की सुविधा है। बाकी क्षेत्रों में स्किलिंग की सुविधा या तो नहीं या बिल्कुल कम है।

मंत्रालय से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो जल्द ही वह देश के प्रत्येक जिलों से रोजगार वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, उनकी मांग व उससे जुड़ी शिक्षा देने की दिशा में काम करेगा।

यह अभियान स्कूलों से ही शुरु होगा। जहां छठवीं कक्षा से छात्रों को अब अनिवार्य रूप से किसी न किसी स्किल की शिक्षा जरूर दी जाएगी। इनमें नौवीं से बारहवीं कक्षा के स्तर पर इसे प्रमुखता से पढ़ाया जाएगा।

# लेबनान में फिर एयर स्ट्राइक

> इजराइल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों को बनाया निशाना, 29 मरे

**नई दिल्ली.**

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जंग जारी है. रविवार रात हिजबुल्लाह ने इजराइली इलाकों में कई मिसाइल और ड्रोन हमले किए. इसके कुछ घंटों बाद ही इजराइल ने हिजबुल्लाह पर जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई हमला कर लिया. इजराइल की ओर से लेबनान में में किए गए हमले में 29 लोगों के मारे जाने की खबर है.

बताया जा रहा है कि इजराइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए एयर स्ट्राइक की. इस हमले में कई बहुमंजिला इमारतें नष्ट हो गईं और 29 लोग मारे गए हैं.

इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि इजराइली वायु सेना ने दहिह और बेरूत में स्थित 12 हिजबुल्लाह कमांड सेंटरों पर हमला किया है. इन हमलों में हिजबुल्लाह की खुफिया इकाई, तट से समुद्र तक मार करने वाली मिसाइल इकाई और यूनिट 4400 द्वारा उपयोग की जाने वाली साइटों को निशाना बनाया गया है. जहां से सीरिया के माध्यम से ईरान से लेबनान में हथियारों की तस्करी की जाती थी.


इजराइल की ओर से बेरूत पर किया गया हवाई हमला देश भर में कई हमलों में से एक है,



### हिजबुल्लाह ने भी इजरायल पर दागे 250 रॉकेट

इजरायल के इस हमले एक जवाब में हिजबुल्लाह ने भी एक बार फिर इजरायल पर बड़ा हमला किया है। हिजबुल्लाह ने इजरायल पर लगभग 250 रॉकेट और अन्य हथियारों से हमला किया। इस हमले में कम से कम सात लोग घायल हो गए है। हिजबुल्लाह का यह हमला पिछले कई महीनों में किया गया सबसे भीषण हमला है, क्योंकि कुछ रॉकेट इजरायल के मध्य में स्थित तेल अवीव इलाके तक पहुंच गए।

## रूसी विमान में लगी आग



**नई दिल्ली.** तुर्किये से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां दक्षिणी तुर्की के एंटाल्या हवाई अड्डे पर एक रूसी विमान के इंजन में आग लग गई। तुर्की के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी तुर्की के एंटाल्या हवाई अड्डे पर एक रूसी विमान के इंजन में आग लग गई, जिसमें 95 लोग सवार थे। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से बाहर निकल गए।मंत्रालय के अनुसार, यह विमान अजीमुथ एयरलाइंस द्वारा संचालित सुखोई सुपरजेट 100 था, जो रविवार को सोची से उड़ान भरकर आ रहा था। इसमें 89 यात्री और 6 चालक दल के सदस्य थे।परिवहन मंत्रालय के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि विमान ने स्थानीय समयानुसार रात 9:34 बजे लैंडिंग की, और पायलट ने आपातकालीन कॉल किया। हवाई अड्डे के बचाव और अग्निशमन दल ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। बयान में यह भी कहा गया कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया हैं।